# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्षः 13 | अंकः 53 | गौतमबुद्धनगर, सोमवार 22 जनवरी 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रूपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236






P- 3

ग्रेनो-वेस्ट में मेट्रो की मांग को लेकर निवासियों



P- 4

जौनपुर में हुई मुठभेड़ में दो गो तस्कर गिरफ्तार, चार गोवंश किए बरामद



P- 5

श्रीलंका के राष्ट्रपति विक्रमसिंघे व फिलिस्तीनी विदेश मंत्री से जयशंकर ने




P- 6

इंग्लैंड की 'बैजबॉल' का सामना करने के लिए हमारे पास 'विराटबॉल' है




## हैप्पी मॉर्निंग


जज- क्या सबूत है कि जब एक्सीडेंट हुआ, तब तुम कार तेज नहीं चला रहे थे?
कार चालक- साहब, मैं अपनी पत्नी को लेने ससुराल जा रहा था।जज- ओह, छोड़ दो इस मासूम को,
ऐसे समय कोई भी गाड़ी तेज नहीं चला सकता।



## शायरी

रास्ते में आने वाले सभी,
रूकावटो से लड़ना सीख,
हासिल होगी तुझे कामयाबी,
तू जिद पर अड़ना सीख..।

## अर्थसार



सेंसेक्सः
71,683.23
+496.37 (0.70%)
निफ्टीः
21,622.40
+160.15

## मौसम



अधिकतम : 15 डिग्री से0
न्यूनतम : 07 डिग्री से0
सूर्योदय मंगलवार : 7 : 15
सूर्यास्त सोमवार : 5 : 56

# उत्तर भारत शीतलहर और घने कोहरे की चपेट में

## दिल्ली हवाईअड्डे पर कुछ उड़ानें रद्द करने की भी घोषणा की गई



### आगे कैसा रहेगा मौसम

22 जनवरी तक पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़, राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार में घना कोहरा रहेगा।
मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, केरल, तमिलनाडु, लक्षद्वीप और अरुणाचल प्रदेश में अगले 24 घंटे के दौरान हल्की बारिश की संभावना है।

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी सहित पूरा उत्तर भारत घने कोहरे, दृश्यता कम होने और रेल एवं हवाई यातायात बाधित होने के साथ शीत लहर की चपेट में है।

भारतीय रेलवे के अनुसार रविवार को देश के विभिन्न हिस्सों से राष्ट्रीय राजधानी आने वाली लगभग बारह यात्री ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं। घने कोहरे के कारण अमृतसर-नांदेड़ एक्सप्रेस, पुरी-नई दिल्ली पुरूषोत्तम एक्सप्रेस, अंबेडकरनगर-कटरा और मानिकपुर-निजामुद्दीन एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनें विलंबित रहीं।

दिल्ली हवाईअड्डे पर घने कोहरे के कारण लोग कई घंटों तक अपनी उड़ान का इंतजार करते दिखे। कुछ उड़ानें रद्द करने की भी घोषणा की गई। दिल्ली हवाई अड्डे के अधिकारियों ने परामर्श जारी कर यात्रियों से अनुरोध किया कि वे अपनी उड़ानों की स्थिति के बारे में संबंधित एयरलाइन से संपर्क करें। मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, रविवार तड़के 3: 00 बजे से दिल्ली-पालम पर दृश्यता शून्य मीटर बनी हुई थी।

राष्ट्रीय राजधानी में कल सुबह कोहरा छाया रहा तथा न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री कम है।

## म्यांमार के 276 सैनिकों को मिजोरम से हवाई मार्ग से वापस भेजा जाएगा

ऐजल। म्यांमार में सैन्य शिविरों पर विद्रोहियों द्वारा कब्जा किए जाने के बाद वहां से भाग कर मिजोरम आए सैनिकों को सोमवार को हवाई मार्ग से वापस भेजा जाएगा। मिजोरम गृह विभाग के अधिकारियों ने रविवार को कहा कि म्यांमार वायु सेना के परिवहन विमान द्वारा ऐजल के पास स्थित लेंगपुई हवाई अड्डे से म्यांमार के 276 सैनिकों को एयरलिफ्ट करने और निकालने की अधिक संभावना है। अधिकारियों ने कहा कि म्यांमार वायु सेना का मालवाहक विमान मांडले शहर से आएगा और म्यांमार के सैनिकों को म्यांमार के रखाइन राज्य के राजधानी सितवे (अक्याब) लेकर जाएगा। गौरतलब है कि असम राइफल्स के जवानों ने परवा और ज़ोरिनपुई में म्यांमार के इन सैनिकों को भारतीय सीमा में घुसने पर हिरासत में लिया था और इन्हें लुंगलेई के रास्ते ऐजल लाया गया था।

# गुजरात के मेहसाणा में शोभायात्रा पर पथराव, पांच लोग घायल

## राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा से पहले जुलूस निकाल रहे थे; पुलिस ने आंसूगैस छोड़ी, 15 हिरासत में

▸ भगदड़ मचने के बाद हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस को 10 राउंड आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े।



मेहसाणा। अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव है। इसे लेकर देशभर के राम भक्त काफी उत्साहित हैं। गुजरात के मेहसाणा जिले के खेरालु में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव से एक दिन पहले रविवार (21 जनवरी) भगवान श्री राम की शोभायात्रा निकाली गई। जब ये जुलूस मस्जिद के पास से गुजर रहा था तब कुछ लोगों ने वहां से पथराव कर दिया।

भगदड़ मचने के बाद हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस को 10 राउंड आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। पथराव करने वालों को पकड़ने के लिए इलाके में पुलिस ने छापेमारी शुरू कर दी है।

आईजी वीरेंद्र सिंह यादव ने कहा कि शाम 4 बजे शोभायात्रा बेलिम इलाके से निकल रही थी। तलाशी के बाद 15 लोगों को हिरासत में लिया गया है। पथराव में 5 लोगों के घायल होने की खबर है। इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस तैनात कर दी गई है।

शोभायात्रा के दौरान हुए पथराव में पांच लोगों को मामूली चोटें आई हैं। वहीं खेरालू के 62 साल के प्रवीण भाई अंबालाल बारोट एक शादी से आ रहे थे तभी असामाजिक तत्वों ने उन पर लाठियों से हमला कर दिया। जिससे उनके सिर और हाथ में चोटें आईं। उनके सिर में 8 टांके लगे और हाथ में फ्रैक्चर हो गया है। उन्हें वडनगर सिविल हॉस्पिटल में रेफर किया गया है।

### खेरालू के बेलिम इलाके में बनी मस्जिद से हुआ हमला

रिपोर्ट्स के मुताबिक बेलिम इलाके में बनी मस्जिद के पास पथराव किया गया है। इसका वीडियो शोभायात्रा में शामिल कुछ लोगों ने रिकॉर्ड कर लिया। वीडियो में कुछ महिलाएं भी पत्थर फेंकती हुई नजर आ रही हैं। विवाद बढ़ने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आंसू गैस के गोले दागे। पुलिस घायलों से पूछताछ कर रही है।

# कोरोना से 24 घंटे में छह लोगों की मौत, 290 मामले किए गए दर्ज

नई दिल्ली। भारत में कोविड के 290 नए मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि एक्टिव केसों की संख्या 2,059 दर्ज की गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा रविवार सुबह 8 बजे अपडेट किए गए आंकड़ों के अनुसार, 24 घंटे की अवधि में कोविड से 6 मौतें हुई हैं जिसमें केरल से चार और महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश से एक-एक है। 5 दिसंबर, 2023 तक दैनिक मामलों की संख्या घटी थी, लेकिन एक नए वैरिएंट के आने और ठंड के मौसम की स्थिति के बाद वे फिर से मामले बढ़ने लगे। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि 31 दिसंबर, 2023 को एक दिन में 841 नए मामले सामने आए, जो मई 2021 में रिपोर्ट किए गए चरम मामलों का 0.2 प्रतिशत है। कुल एक्टिव केसों में से अधिकांशहोम आइसोलेशन के तहत ठीक हो रहे हैं। सूत्रों ने कहा, वर्तमान में उपलब्ध आंकड़ों से पता चलता है कि जेएन.1 वैरिएंट न तो नए मामलों में तेजी से वृद्धि कर रहा है और न ही अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु दर में वृद्धि कर रहा है।

## दिल्ली एम्स में 22 जनवरी को ओपीडी सेवाएं रहेंगी खुली

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान दिल्ली ने रविवार को कहा कि बाह्य रोगी सेवाएं 22 जनवरी को खुली रहेंगी। साथ ही एम्स ने अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अपराह्न 2: 30 बजे तक सेवाएं बंद करने के अपने फैसले को पलट दिया। एम्स, दिल्ली न जारी एक नए कार्यालय ज्ञापन में कहा, इस कार्यालय के 20 जनवरी के परिपत्र के क्रम में, उन्हें किसी भी असुविधा से बचाने और रोगी देखभाल की सुविधा के लिए आउट पेशेंट सेवाओं सहित सभी नैदानिक सेवाएं खुली रहेंगी।

# असम में राहुल गांधी के साथ धक्का-मुक्की

## सुरक्षाकर्मी भीड़ से बचाते हुए बस में ले गए; जयराम रमेश की कार पर पानी फेंकने का आरोप

इटानगर। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान रविवार को असम में राहुल गांधी के साथ धक्का-मुक्की हुई। राहुल को बचाते हुए उनके सिक्योरिटी गार्ड उन्हें बस के अंदर वापस ले गए। घटना के दौरान राहुल का काफिला सोनितपुर में था।



राहुल ने घटना को लेकर कहा- आज भाजपा के कुछ कार्यकर्ता झंडा लेकर हमारी बस के सामने आ गए। मैं बस से निकला, वो भाग गए। हमारे जितने पोस्टर फाड़ने हैं, फाड़ दो। हमें कोई फर्क नहीं पड़ता। हमारी विचारधारा की लड़ाई है, हम किसी से नहीं डरते हैं। न ही नरेंद्र मोदी से, न असम के मुख्यमंत्री से। कांग्रेस पार्टी ने न्याय यात्रा के काफिले पर 48 घंटे में दूसरी बार हमले का आरोप लगाया है। कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर लिखा- आज जब हमारा काफिला असम में रैली स्थल की ओर जा रहा था। तब जुमगुरीहाट में हिमंता बिस्वा सरमा के गुंडों ने महासचिव जयराम रमेश की गाड़ी पर पानी फेंका और स्टीकर फाड़ा।

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने लिखा- भाजपा के लोगों ने हमारी सोशल मीडिया टीम के कैमरामैन और अन्य सदस्यों पर हमला किया, जिनमें 2 महिलाएं भी थीं। हिमंता, यह गीदड़ हरकतें करनी और करवानी छोड़ दो। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को तुम और तुम्हारे गुंडे नहीं रोक सकते। इससे पहले 19 जनवरी की रात को भी कांग्रेस ने न्याय यात्रा के काफिले पर भाजपा के हमले का आरोप लगाया था।

अलर्ट | गृह मंत्रालय के थिंक टैंक ने यूजर्स को किया अलर्ट

# वॉट्सएप पर साइबर अपराध और धोखाधड़ी के खिलाफ एडवाइजरी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाले पुलिस थिंक टैंक ने वॉट्सएप पर साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी के खिलाफ एडवाइजरी और चेतावनी जारी की है। पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (ब्क्क्त्क्ष्) ने ऐसी सात प्रकार की धोखाधड़ी की पहचान की है, जिसमें मिस्ड कॉल, वीडियो कॉल, नौकरी की पेशकश, निवेश योजनाओं के नाम पर धोखाधड़ी, पहचान बदलकर जालसाजी, सेंधमारी और स्क्रीन साझा करना शामिल हैं।

### गृह मंत्रालय ने दिया यह सुझाव

आठ पन्ने की एडवाइजरी और चेतावनी में कहा गया है कि हाइजैकिंग मामले के जालसाज पीड़ित के वॉट्सएप खाते तक अनधिकृत पहुंच बना लेते हैं और उनके संपर्कों से पैसे का अनुरोध करते हैं। बीपीआरडी ने कहा,

कुछ लोगों को अज्ञात नंबर से वॉट्सएप वीडियो कॉल भी आए हैं। ये मूल रूप से सेक्सटार्शन आधारित वीडियो कॉल थे, जिनका उपयोग वॉट्सएप यूजर को धमकी देने के लिए किया जाता है।

बीपीआरडी ने कहा कि हैकर्स उपयोगकर्ता को ब्लैकमेल करते हैं और बदले में पैसे मांगते हैं। वॉट्सएप ने इसके खिलाफ कई सार्वजनिक




अभियान शुरू किए हैं। बीपीआरडी ने कहा कि ज्यादातर वियतनाम, केन्या, इथियोपिया और मलेशिया के कोड से शुरू होने वाले नंबरों से किए गए मिस्ड कॉल के माध्यम से हैकर्स सक्रिय यूजर्स को ढूंढ़ने के लिए कोड स्क्रिप्टेड बाट का उपयोग करते हैं। इसके बाद उन्हें साइबर अपराध के लिए टारगेट करते हैं।

### पहचान बदलकर करते हैं जालसाजी

पहचान बदलकर जालसाजी के तहत जालसाज अपने संगठन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी या वरिष्ठ अधिकारी होने का दिखावा करके पीड़ित से संपर्क करते हैं और मुख्य वित्तीय अधिकारी , मुख्य परिचालन अधिकारी , मुख्य तकनीकी अधिकारी तथा उच्च पदस्थ पुलिस और सरकारी अधिकारियों को निशाना बनाते हैं।

बीपीआरडी ने कहा कि जालसाज इंटरनेट मीडिया पर सर्फिंग करके उन कर्मियों की व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त करते हैं और समान प्रोफाइल बनाते हैं और पीड़ित को समझाने के लिए किसी महत्वपूर्ण बैठक में अपनी व्यस्तता या पुराने नंबर में समस्या का हवाला देकर कुछ लिंक पर तत्कॉल पैसा भेजने की मांग करते हैं।

### स्क्रीन शेयर फीचर के माध्यम से ठगी

एडवाइजरी में वॉट्सएप द्वारा हाल में जारी स्क्रीन शेयर फीचर के बारे में विशेष चिंता व्यक्त की गई। बीपीआरडी ने कहा कि अतीत में धोखाधड़ी के कई मामले देखे गए, जहां जालसाजों को पीड़ितों की स्क्रीन तक पहुंच मिल गई।

# 5-स्टार होटल के मैनेजर ने पत्नी को समुद्र में डुबाया

एजेंसी

पणजी। गोवा के एक 5-स्टार होटल के मैनेजर ने अपनी बीवी को समुद्र में डुबा दिया। पहले तो उसने पत्नी की मौत को हादसा बताने की कोशिश की, लेकिन बाद में हत्या की बात कबूल ली। गोवा पुलिस ने पति को गिरफ्तार किया है। घटना शुक्रवार (20 जनवरी) की है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी ने 19 जनवरी को एक टू व्हीलर बुक की थी। दोपहर करीब 3ः35 बजे वह अपने पत्नी को लेकर काबो डे रामा बीच पर गया। वहां दोनों ने कुछ समय चट्टानों पर गुजारा। इसके बाद पानी में चले गए। इसी दौरान पति ने अपनी पत्नी को समुद्र में डुबा दिया।

कपल की पहचान 29 साल के गौरव कटियार और 27 साल की दीक्षा गंगवार के रूप में हुई है। दोनों लखनऊ के रहने वाले हैं। गौरव पहले चेन्नई में काम करता था। एक महीने पहले उसने गोवा के कोलवा स्थित कोर्टयार्ड बाय मैरियट में काम शुरू किया था।

आरोपी ने बताया कि उसकी पत्नी लखनऊ में रहती थी। उसके साथ रहने के लिए वह भी गोवा आ गई थी। दीक्षा को शक था कि उसके पति का किसी और से अफेयर है। उसने पति से पूछताछ भी की थी। इसे लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था।

गोवा के क्यूनकोलिम के डिप्टी एसपी संतोष देसाई ने बताया कि बीच पर फोटो-वीडियो ले रहे कुछ पर्यटकों ने कपल को पानी में उतरते देखा था।

# बिलकिस बानो गैंगरेप केस के 11 दोषियों ने किया सरेंडर

## दो गाड़ियों में भरकर गोधरा जेल पहुंचे; 21 जनवरी को सरेंडर की अवधि खत्म होनी थी

एजेंसी

**वडोदरा।** बिलकिस बानो गैंगरेप मामले के 11 दोषियों ने रविवार (21 जनवरी) देर रात गोधरा जेल अधिकारियों के सामने सरेंडर कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने 8 जनवरी को 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस से गैंगरेप के दोषियों को समय से पहले रिहा करने के गुजरात सरकार के फैसले को रद्द कर दिया था। कोर्ट ने सभी दोषियों को दो हफ्ते के भीतर यानी 21 जनवरी तक सरेंडर करने के लिए कहा था।

सरेंडर करने वाले सभी 11 दोषी दो वाहनों में सवार होकर दाहोद जिले के सिंगवाड से गोधरा उप-जेल पहुंचे। दोषियों में राधेश्याम शाह, जसवंत नई, गोविंद नई, केसर वोहनिया, बाका वोहनिया, राजू सोनी, रमेश चंदना, शैलेश भट्ट, बिपिन जोशी, प्रदीप मोधिया और मितेश भट्ट शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, सभी आरोपियों को ट्रैक किया था। सरेंडर के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया है।



### 19 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की थी याचिका

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार (19 जनवरी) को बिलकिस बानो गैंगरेप मामले के 11 दोषियों के सरेंडर की अवधि बढ़ाने की याचिका खारिज कर दी थी। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुईयां की बेंच ने कहा कि दोषियों ने सरेंडर के लिए समय बढ़ाने के जो कारण बताए हैं, उनमें दम नहीं है।

दोषियों में से किसी ने अपने बेटे की शादी, किसी ने पैर की सर्जरी, किसी ने बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल करने, किसी ने फसलों की कटाई का कारण बताकर सरेंडर की तारीख बढ़ाने की मांग की थी।

### 8 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द किया था गुजरात सरकार का फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने 8 जनवरी को 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस से गैंगरेप के दोषियों को समय से पहले रिहा करने के राज्य सरकार के फैसले को रद्द कर दिया था। कोर्ट ने सभी दोषियों को दो हफ्ते के भीतर यानी 21 जनवरी तक सरेंडर करने के लिए कहा था। कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा था- गुजरात सरकार दोषियों को कैसे माफ कर सकती है। सुनवाई महाराष्ट्र में हुई है तो रिहाई पर फैसला भी वहीं की सरकार करेगी।




# शिक्षा में बड़ी चुनौती

हाल ही में देशभर के स्कूलों की शिक्षा से जुड़ी स्थ्वक्ररिपोर्ट सामने आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार 14-18 साल के आधे से ज्यादा बच्चे तीसरी क्लास की बेसिक मैथ प्रॉब्लम सॉल्व नहीं कर पाए। वहीं कई छात्रों को तो तीसरी क्लास की भाषा की किताब पढ़ने में भी दिक्कत हुई।

देश के ग्रामीण हिस्सों में स्कूली बच्चों की शिक्षा की स्थिति पर एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट का ताजा संस्करण पहली नजर में जरूर चिंतित करता है, लेकिन समग्रता में देखने पर साफ हो जाता है कि हालात निराशाजनक नहीं बल्कि चुनौतीपूर्ण हैं।

14 से 18 साल के आधे से ज्यादा बच्चे अगर तीसरी-चौथी क्लास के मैथ के सिंपल डिविजन प्रॉब्लम सॉल्व न कर सकें तो यह कोई अच्छी स्थिति नहीं कही जा सकती। वजह यह है कि डिविजन करने की क्षमता को व्यावहारिक जीवन में काम आने वाली बुनियादी गणनाओं के लिए जरूरी माना जाता है। खास बात यह कि इन स्टूडेंट्स का एक बड़ा हिस्सा जॉब मार्केट से कुछ ही कदम दूर है। लेकिन इस तथ्य को भुलाया नहीं जा सकता कि इस उम्र समूह के लोगों को रिपोर्ट में पिछली बार 2017 में कवर किया गया था। और इस दौरान देश-दुनिया ने कोरोना महामारी की जबर्दस्त चुनौती झेली है। खासकर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की पढ़ाई तो कोरोना काल में लगभग ठप ही हो गई थी।


महामारी के संदर्भ में रिपोर्ट की दो बातें खास तौर पर ध्यान खींचती हैं। एक तो यह कि 89 फीसदी बच्चे ऐसे हैं जिनके घर में स्मार्टफोन है। वहीं, 92 फीसदी बच्चों ने बताया कि वे स्मार्टफोन चलाना जानते हैं। निश्चित रूप से इसके पीछे महामारी के दौरान ऑनलाइन पढ़ाई की मजबूरी का बड़ा हाथ माना जा सकता है। दूसरी बात यह कि एनरोलमेंट की संख्या (86.8 फीसदी) का 2017 (85.6 फीसदी) से ज्यादा होना बताता है कि महामारी के दौरान आजीविका के नुकसान के चलते ज्यादातर बच्चों के दोबारा स्कूल न लौटने का डर गलत साबित हुआ है।

हालांकि इसी रिपोर्ट से यह भी पता चलता है कि करीब एक तिहाई बच्चे 12वीं से आगे नहीं पढ़ते। लड़कों के मामले में ड्रॉप आउट की सबसे बड़ी वजह रुचि की कमी पाई गई तो लड़कियों के मामले में पारिवारिक मजबूरी। निश्चित रूप से डेमोग्रैफिक डिविडेंड पर ध्यान केंद्रित किए एक युवा देश के लिए यह चिंता की बात है।

मैथ्स की बात हो या लैंग्वेज की, पढ़ाई में पिछड़ापन अपने देश के लिए कोई नई बात नहीं। ASER की ही पिछली रिपोर्टों में यह बात रेखांकित की जाती रही है। लेकिन यह कोई बचाव नहीं हो सकता। चुनौती बड़ी इसलिए भी है कि स्कूली पढ़ाई की नियमित प्रक्रिया में इसका इलाज नहीं है क्योंकि बड़ी कक्षा में आने के बाद टीचर्स उसी क्लास के टेक्स्ट बुक को फॉलो करते हैं। उनके लिए बच्चों की बुनियादी समझ पर ध्यान देना मुश्किल होता है। जाहिर है, विशेष प्रयास करने पड़ेंगे, लेकिन दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी बनने की राह पर बढ़ रहा देश इस चुनौती से मुंह नहीं मोड़ सकता।



# सत्ता व भीतरघातियों से एक साथ जूझती कांग्रेस



तनवीर जाफ़री

इसी वर्ष होने वाले लोकसभा चुनावों के बादल मंडराने लगे हैं। सत्ता और विपक्ष दोनों ही अपने अपने तरीक़े से मतदाताओं तक अपनी पहुँच बनाने व उन्हें लुभाने का प्रयास करने लगे हैं। चुनावों से पूर्व जहाँ भारतीय जनता पार्टी अयोध्या के नवनिर्मित राम मंदिर में भगवान राम की मूर्ति की समय पूर्व प्राण प्रतिष्ठा करवाकर संभवत: आख़िरी बार %राम % के नाम पर वोट बटोरने की रणनीति अपना रही है वहीँ विपक्ष द्वारा देश के लगभग सभी राष्ट्रीय व क्षेत्रीय विपक्षी दलों को एक नव गठित विपक्षी संगठन इंडिया के बैनर तले इकठ्ठा कर देश को विपक्ष के एकजुट होने का सन्देश देने की कोशिश की गयी है। यहां यह बताने की ज़रुरत नहीं कि भाजपा अनेक धर्मगुरुओं यहाँ तक कि शंकराचार्यों के उच्चस्तरीय विरोध व आपत्ति के बावजूद अपने सभी सहयोगी व संरक्षक संगठनों के साथ व पूरे सरकारी सहयोग से राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को इतना प्रचारित कर रही है ताकि विपक्ष की हर सत्ता विरोधी आवाज़ नक़्क़ार ख़ाने में तूती की आवाज़ की तरह दब कर रह जाये।

उधर विपक्षी इंडिया गठबंधन के सबसे बड़े घटक कांग्रेस के नेता राहुल गांधी इसी बीच 14 जनवरी से सुलगते हुये मणिपुर राज्य से अपनी दूसरे दौर की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकाल चुके हैं। इस बार वे मणिपुर से मुंबई तक 6,700 किलोमीटर से ज़्यादा की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले हैं। कांग्रेस नेताओं के अनुसार राहुल गाँधी की यह यात्रा लोगों को आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक न्याय दिलाने तथा संविधान व लोकतंत्र पर मंडराते ख़तरे के प्रति देशवासियों को सचेत करने की यात्रा है। 66 दिनों की यह प्रस्तावित यात्रा 15 राज्यों के 100 लोकसभा क्षेत्र और 337 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुज़रेगी। ग़ौरतलब है कि इससे पूर्व भी राहुल गांधी ने सितंबर 2022 से लेकर जनवरी 2023 तक कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा की थी। राजनैतिक विश्लेषकों का मानना है कि पहली यात्रा से न केवल राहुल गांधी की छवि बेहतर हुई है बल्कि इससे उनका राजनीतिक क़द भी बढ़ा था। इसलिए कांग्रेस ने यात्रा का दूसरा चरण शुरू करने का फ़ैसला लिया है। कांग्रेस इन यात्राओं से निश्चित रूप से यह प्रमाणित करना चाहती है कि सत्ता में हो या न हो परन्तु कांग्रेस कल भी देश के सभी धर्मों, भाषाओं, क्षेत्रों व राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाली पार्टी थी और आज भी है। हालांकि सूत्रों के अनुसार इंडिया गठबंधन के ही कई वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की इस मणिपुर-मुंबई भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तिथि व समय को लेकर सहमत नहीं हैं। क्योंकि कांग्रेस की वर्तमान भारत जोड़ो न्याय यात्रा ऐसे वक़्त में हो रही है, जब 28 विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन के नेताओं के बीच सीटों के बँटवारे तथा गठबंधन के चेहरे जैसे अति महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत जारी है। इनका कहना है कि चूँकि इंडिया गठबंधन इन दिनों %सीट शेयरिंग जैसे नाज़ुक दौर से गुज़र रहा है ऐसे में राहुल गांधी व उनके साथ कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में व्यस्तता चिंता का विषय है।

परन्तु कांग्रेस पार्टी शायद सीट शेयरिंग के लिये होने वाली बैठकों से पूर्व ही इंडिया गठबंधन के कई प्रमुख घटकों की इस रणनीति का अंदाज़ा लगा चुकी है कि सभी छोटे व क्षेत्रीय दल, गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते कांग्रेस पर ही दबाव बनाने की कोशिश करेंगे। इसी लिये कांग्रेस इंडिया गठबंधन के साथ साथ अपना राष्ट्रीय जनाधार भी पूर्ववत बनाकर रखना चाह रही है। इधर राहुल गांधी विपरीत मौसम व परिस्थितियों में भी अथाह परिश्रम कर व जोखिम उठाकर कांग्रेस को पुन: उसका खोया हुआ जनाधार वापस दिलाने के लिये कृत संकल्प हैं तो दूसरी तरफ़ अभी भी कांग्रेस में विश्वासघातियों द्वारा विश्वासघात किये जाने की ख़बरें आ रही हैं।

पिछले दिनों कांग्रेस पार्टी के साथ अपने परिवार के 55 साल पुराने पुश्तैनी रिश्ते को ख़त्म करते हुये पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवरा ने कांग्रेस पार्टी त्याग दी और वे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना (शामिल) में शामिल हो गए। इससे पूर्व भी ठीक इसी तरह की भारत जोड़ो यात्रा जब राहुल गाँधी ने 7 सितम्बर 2022 को कन्याकुमारी से कश्मीर के लिये आरम्भ की थी ठीक उसी समय 26 अगस्त 2022 को ग़ुलाम नबी आज़ाद ने भी कांग्रेस से इस्तीफ़ा दे दिया था। और अब भारत जोड़ो न्याय यात्रा पार्ट टू के समय मिलिंद देवरा का पार्टी छोड़ना यह महज़ एक इत्तेफ़ाक़ है या कांग्रेस के विरुद्ध रची जाने वाली साज़िश ?

नि:संदेह इस समय कांग्रेस को जहां सत्ता के हर उस षड्यंत्र से जूझना है जो उसके कांग्रेस मुक्त भारत अभियान के तहत चलाया जा रहा है। जिसके तहत कांग्रेस में ही चुन चुनकर भीतरघातियों, विश्वासघातियों, लालची, सत्ता के चाहवान, बिकाऊ या भ्रष्ट लोगों को लालच या भय दिखाकर कांग्रेस को कमज़ोर करने की व्यापक साज़िश रची जा रही है। स्वयं गाँधी-नेहरू परिवार के लोगों को किसी न किसी मामले में उलझा कर उन्हें हतोत्साहित करने की कोशिश की जा रही है। साथ ही इंडिया गठबंधन के कई सहयोगी दल भी कांग्रेस से बढ़त हासिल करने की चाह में और अपने सत्ता मोह में कांग्रेस पर पूरा भरोसा नहीं कर पा रहे। इन छोटे दलों को भी यह सोचना चाहिये कि संविधान व देश के लोकतान्त्रिक मूल्यों की रक्षा करना केवल कांग्रेस की ही ज़िम्मेदारी नहीं बल्कि उन सभी राष्ट्रीय व क्षेत्रीय दलों की भी है जो स्वयं को देश के धर्मनिरपेक्ष लोकतान्त्रिक मूल्यों व संविधान का रखवाला बताते हैं।

बहरहाल सत्ता पाने या सत्ता से चिपके रहने के हथकंडे अपनाने वाले नेताओं व दलों की राजनीति से इतर कांग्रेस पार्टी गांधीवादी मूल्यों व सिद्धांतों पर चलने वाली देश की अकेली ऐसे पार्टी है जिसने कभी भी कहीं भी फ़ासीवादी व सम्प्रदायिकतावादी ताक़तों से समझौता नहीं किया। अन्य सभी छोटे बड़े दल अपनी सुविधानुसार समय समय पर अपने विचारों की तिलांजलि देकर भी इन्हीं शक्तियों के किसी न किसी रूप में सहयोगी रह चुके हैं जिन्हें सत्ता से हटाना इनके लिये चुनौती बन गया है। ऐसे में बावजूद इसके कि कांग्रेस इस समय सत्ता, सहयोगियों व भीतरघातियों के साथ साथ साथ गंभीर आर्थिक संकट से भी जूझ रही है परन्तु इसमें भी कोई शक नहीं कि गाँधी के देश में साम्प्रदायिक शक्तियों का राष्ट्रीय स्तर पर मुक़ाबला भी केवल गाँधी की कांग्रेस द्वारा ही किया जा सकता है।

# कोचिंग केंद्रों की नकेल कसने सख़्त दिशा निर्देश 2024 जारी

वैश्विक स्तरपर शिक्षा मानव संसाधन का विकास करने का महत्वपूर्ण अस्त्र है। शिक्षा के बल पर ही हम आधुनिक प्रौद्योगिकी, कोरोना महामारी से लड़ने व अनेक प्राकृतिक विपत्तियों से मुकाबला करने में सक्षम हुए हैं। किसी भी देश को विकसित देश की श्रेणी में पहुंचाने में शिक्षा का महत्वपूर्ण रोल होता है, बशर्ते कि उसे एक सही दिशा दी जाए। एक जमाना था जब शिक्षा निस्वार्थ रूप से प्रदान की जाती थी, उस समय ट्यूशन व कोचिंग क्लासेस का नामोनिशान नहीं था। क्लास में 100 फीसदी उपस्थिति दर्ज होती थी, परंतु समय का चक्र ऐसा चला कि कोचिंग क्लासेस की बाढ़ आ गई। एक-एक शहर में सैकड़ो कोचिंग सेंटर खुलते चले गए, स्कूलों कॉलेजों में उपस्थिति कम होती गई। आज स्थिति ऐसी है कि शिक्षा ग्रहण करने के लिए कोचिंग केंद्र एक अनिवार्य हिस्सा बन गया है, यहीं से कुछ अव्यवस्थाओं का दौर शुरू हुआ जिसका परिणाम बच्चों की आत्महत्या, मनमानी फीस, टॉर्चर, पेपर लीक सहित अनेक अनियमितताओं का दौर शुरू हो गया जिसका परिणाम दिनांक 18 जनवरी 2024 को देर शाम जारी कोचिंग केन्द्रों के पंजीकरण एवं विनियमन हेतु दिशा निर्देश 2024 जारी हुआ, जिसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने देश में कोचिंग प्रणाली को लेकर बड़ा फैसला लिया है। मंत्रालय ने कोचिंग संस्थाओं के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए हैं। दिशा निर्देशों में कई अहम बातें कही गई हैं, जिनमें कोचिंग सेंटर में 16 वर्ष से कम उम्र के छात्रों का नामांकन नहीं करना, संस्थाओं द्वारा भ्रामक वादे नहीं करना और रैंक या अच्छे अंक की गारंटी नहीं देना शामिल है।वैसे शिक्षा क्षेत्र में केंद्र व राज्यों द्वारा अनेक नियम अधिनियम पहले से ही जारी किए गए हैं जैसे राजस्थान सरकार ने कोचिंग संस्थानों में छात्रों के तनाव को कम करने और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए 27 सितंबर 2023 को दिशा निर्देश जारी किए थे। वहीं, राज्य की विधानसभा में कोचिंग संस्थान (नियंत्रण औरविनियमन) विधेयक, 2023 भी लाया जा चुका है। इससे पहले मणिपुर (2017), बिहार (2010), उत्तर प्रदेश (2002), गोवा (2001) और कर्नाटक (2001, 1995 और 1983) में कोचिंग को विनियमित करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। वैसे तो शिक्षा में सुधारो के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को भी लागू कर दिया गया है, परंतु फिर भी अनेक अनियमितताएं रह गई थी इसलिए केंद्र सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा उपरोक्त दिशा निर्देश जारी किए गए जिसे सख़्ती से लागू किए जाने का पूरा अंदेशा है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों को सख़्ती से लागू होने पर कोचिंग केन्द्रों की नकेल कसना तय है। साथियों बात अगर हम दिशा निर्देश 2024 में अनिवार्य पंजीकरण की करें तो, दिशा निर्देशों में सबसे पहले कोचिंग केंद्रों के पंजीकरण को लेकर निर्देश हैं।

इनमें से कुछ अहम हैं, जैसे-कोई व्यक्ति कोचिंग केंद्र के पंजीकरण कराने के बाद ही कोचिंग प्रदान करेगा या कोचिंग केंद्र स्थापित, संचालित या प्रबंधित करेगा या उसका रख-रखाव करेगा।तीन महीने की अवधि के भीतर पंजीकरण के लिए आवेदन करना होगा। पंजीकरण की समाप्ति की तारीख से दो महीने पहले पंजीकृत कोचिंग केंद्र को पंजीकरण प्रमाण-पत्र के नवीनीकरण के लिए आवेदन करना होगा।

# टाईम पास

# चुनावी वर्ष में आर्थिक चुनौतियां

लोकसभा चुनाव से पहले मोदी सरकार लेखानुदान बजट पेश करने वाली है। मोदी सरकार-2 का यह कार्यकाल आर्थिक मोर्चे पर चुनौतियों भरा रहा है। सबसे बड़ी चुनौती थी कोरोना महामारी और फिर दूसरी चुनौती घरेलू बाजार में महंगाई का उच्चतम स्तर पर बने रहना था। लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था ने न केवल हर मोर्चे पर तरक्की की, बल्कि जीडीपी के मामले में यह दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरी।

चालू वित्तीय वर्ष 23-24 की पहली दो तिमाहियों को मद्देनजर रखते हुए 7.7 प्रतिशत की औसत विकास दर हासिल करना भी बड़ी आर्थिक सफलता है। उम्मीद की जा रही है कि संपूर्ण वित्तीय वर्ष के लिए विकास की दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसकी मुख्य वजह एक ओर जहां घरेलू स्तर पर लगातार प्रति व्यक्ति बेहतर क्रय क्षमता है, तो दूसरी ओर बुनियादी ढांचों के विकास पर सरकार द्वारा ज्यादा खर्च है।

पिछले वित्तीय बजट में केंद्र सरकार ने 10 लाख करोड़ रुपये का बजट पूंजीगत खर्चों के लिए रखा था, जिसने अर्थव्यवस्था की विकास दर को गति दी। भारतीय कंपनियों की वित्तीय हालत भी बहुत अच्छी है तथा लाभदायकता का प्रतिशत सभी कंपनियों में दोहरे अंकों में पाया जा रहा है। इसका मुख्य कारण लागत नियंत्रण है। इससे आने वाले समय में निजी निवेश के और बढ़ने की संभावनाएं हैं। बैंकिंग सेक्टर में भी पिछले वर्ष जुलाई में 10 वर्षों के बाद एनपीए सबसे कम रहा था। चालू वित्तीय घाटा इस वर्ष जीडीपी का 1.6 से 1.7 प्रतिशत रहने की संभावना है। भारत जैसी अर्थव्यवस्था के लिए इसका दो प्रतिशत से कम रहना अच्छे विकास का सूचक है।


इस वर्ष कच्चे तेल के आयात की मात्रा पिछले वर्ष की तुलना में काफी बढ़ी है, परंतु उसका चालू वित्तीय घाटे पर बहुत अधिक प्रभाव नहीं पड़ा है, क्योंकि भारत ने रूस से भारतीय रुपये में कच्चा तेल खरीदा। वैश्विक स्तर पर चालू वित्तीय वर्ष काफी उथल-पुथल भरा रहा, जिसकी शुरुआत अमेरिका में बैंकिग प्रणाली की विफलता से हुई। चीनी अर्थव्यवस्था में मंदी बने रहना, सभी बड़ी विकसित अर्थव्यवस्थाओं में उनके केंद्रीय बैंकों द्वारा लगातार ब्याज दरों को बढ़ाना आदि हमेशा चर्चाओं में रहा।

इन सबके बावजूद भारतीय पूंजी बाजार में विदेशी पूंजी निवेशकों की लगातार अच्छी वित्तीय तरलता बनी रही। घरेलू निवेशकों का भी शेयर बाजार में लगातार अच्छा निवेश बना रहा है, जिसके चलते ही शेयर बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। सभी बड़ी आर्थिक संस्थाओं ने वर्ष 2024-25 के लिए वैश्विक आर्थिक विकास की दर को कम अनुमानित किया है।

आईएमएफ के मुताबिक वर्ष 2024-25 में वैश्विक विकास दर 2.9 प्रतिशत रहने की संभावना है, जो कि वर्ष 2023 में तीन प्रतिशत थी। विभिन्न विशेषज्ञों के अनुसार, भारत में विकास दर 6.3 से 6.5 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। विकसित अर्थव्यवस्थाओं की विकास दर के कम रहने से भारत के निर्यातों को धक्का लगने की आशंका ज्यादा है। हालांकि सभी बड़े विकसित देशों के केंद्रीय बैंकों ने ब्याज की दरों में कमी करने का संकेत देना शुरू कर दिया है, परंतु वित्तीय वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में ही ऐसा हो सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा भी आगामी दिवाली से पहले ब्याज दरों में कटौती की संभावना नहीं है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में नई सरकार के लिए घरेलू स्तर पर सबसे बड़ी चुनौती कृषि क्षेत्र की विकास दर बढ़ाना तथा महंगाई दर को नियंत्रित करना रहेगा। चालू वित्तीय वर्ष में चावल तथा गेहूं का उत्पादन अनुमान से कम हुआ है। इसके अलावा, खुले बाजार में गेहूं की लागत को नियंत्रित रखने के लिए सरकार अपने बफर स्टॉक का उपयोग कर रही है, जिसके चलते सात सालों में पहली बार बफर स्टॉक अपने अनुमानित आंकड़े से नीचे आ गया है।


ऐसे में मई माह तक भारत को अपने गेहूं के बफर स्टॉक के लिए आयात करना पड़ेगा। पिछले वर्ष खाद्य पदार्थों की महंगाई के चलते ग्रामीण क्रय क्षमता काफी प्रभावित हुई। कृषि क्षेत्र की विकास दर को बढ़ाना भी सरकार के लिए बहुत चुनौतीपूर्ण कार्य रहेगा।

## काकुरो पहेली - 3072



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




काकुरो - 3071 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक साहब अपने दोस्त से कहने लगे- "मेरी घरवाली बहुत झुठी है. वह कल दो घण्टे घर से गायब रही और वापसी पर मुझे बताया कि वह अपनी सहेली गीता के साथ फिल्म देखने गई थी !"

"मगर तुम्हें इस बात का पता कैसे चला कि वह झूठ बोल रही है."

"उस समय मैं गीता के साथ फिल्म देख रहा था." साहब ने जवाब दिया.

इस पर दोस्त खामोश हो गया.

□ □ □

एक महिला एक निमन्त्रण में गई.


वहां उसने हर व्यक्ति को अपनी उम्र अलग-अलग बताई. किसी को बीस, किसी को पच्चीस तो किसी को तीस. यह देख उसकी एकमात्र बेटी उसे खींचकर कोने में ले गई और बोली-"मम्मी ! तुम किसी को कुछ भी आयु बताओ ! मगर इतना ध्यान अवश्य रखना कि मेरी और तुम्हारी उम्र में कम-से-कम नौ महीने का अन्तर रहे."

□ □ □

एक आदमी ने जज से अपनी घरवाली को तलाक देने का कारण बताते हुए कहा- "मेरी घरवाली ने शादी के बाद से अब तक केवल एक बेटी को जन्म दिया है. मगर मेरी प्रबल इच्छा है कि मैं एक बेटे का बाप बनूं."

इस पर पत्नी तमककर बोली-"जज साहब ! अगर मैं इनके भरोसे रहती तो यह बेटी भी नहीं होती !"

## फिल्म वर्ग पहेली- 3072



**बायें से दायें:-**

१. मनोजकुमार, साधना की 'तुम बिन जीवन कैसे बीता' गीतवाली फिल्म-३
३. 'चली सात फेरे लेकर' गीत वाली मिलिंद सोमण, विक्रम फिल्म-३
५. अभिषेक, उदय चोपड़ा, जॉन अब्राहम, रिमी सेन, ईशा देओल की फिल्म-२
७. 'हो जाता है प्यार' गीत वाली अमिताभ, हेमा मालिनी और प्राण की फिल्म-३
८. अनिलकपूर, जैकीश्रॉफ, अजय, मनीषा, रेखा, सोनाली, माधुरी की फिल्म-२
९. 'ना वादा करते हैं' गीत वाली सुनील शेट्टी, सोमी अली की फिल्म-२
१०. अनिलकपूर, पूनम ढिल्लों की 'मिली तेरे प्यार की छाँव' गीत वाली फिल्म-३
१३. शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या फिल्म-२
१४. अजय देवगन, विवेक, मनीषा की 'खल्लास' गीत वाली फिल्म-३
१५. राजेंद्रकुमार, साधना की फिल्म-३
१७. फिल्म 'दोस्ताना' की नायिका थी-३
१८. 'मेरे भैया मेरे चंदा' गीत वाली राजकुमार, धर्मेन्द्र की फिल्म-३
१९. शशिकपूर, जीनत अमान की एक फिल्म-३
२२. बी. आर. इशारा निर्देशित विजय अरोड़ा, रीनाराय की १९७२ की एक फिल्म-४
२३. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'दिले बेताब को सीने से' गीत वाली फिल्म-३
२४. अनिल, श्रीदेवी, रवीना की फिल्म-३
२५. आमिरखान, मनीषा की फिल्म-२
२६. १९७१ में बनी जीतेंद्र, डिम्पल कपाड़िया की श्याम रल्हन निर्देशित फिल्म-२
२७. 'मिजाजे गिरामी दुआ है आपकी' गीत वाली फिल्म-२
२८. फिल्म 'जांनशीन' में नायक-४,२
२९. शाहिद कपूर, करीना की 'दिल मेरे ना और' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'बंदा ये बिंदास है' गीत वाली फिल्म-२
२. विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
३. 'हाय हाय ये मजबूरी' गीत वाली मनोज कुमार जीनत अमान की फिल्म-२,३,२,३
४. फिल्म 'घर में श्याम गली में राम' में गोविंदा के साथ नायिका कौन थी-३
६. आफताब शिवदासानी, उर्मिला मातोंडकर की फिल्म-२
९. 'बड़ी मुश्किल है खोया मेरा दिल है' गीत वाली शाहरूख, माधुरी की फिल्म-३
११. फिल्म 'इंडियन' में नायक कौन था-२
१२. मनोजकुमार की राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत फिल्मों में उनके किरदार का नाम है?-३
१३. राजेश, जया भादुड़ी की 'बरस गई रे तरस गई' गीत वाली फिल्म-२,१,३
१५. अक्षय, सुनील, जैकी, रवीना, लारा दत्ता की फिल्म-२
१६. जैकी श्रॉफ, फरहा की फिल्म-४
१७. 'शीशी भरी गुलाब की' गीत वाली रणधीरकपूर, बबीता की फिल्म-२
२०. करण दीवान, स्वर्णलता की 'अंखियां मिलाके जिया' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'चलो दिलदार चलो' गीत वाली राजकुमार, मीनाकुमारीकी फिल्म-३
२३. हिमालय, भाग्यश्री की 'मुझको पायल नाम दिया' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली मनोज, धर्मेन्द्र, सायरा बानों की फिल्म-२
२७. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की 'नैनों में महबूब के' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3071



## सूडोकु -3072

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3071 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## शब्द पहेली -3072



**बाएँ से दाएँ**

1.सुरक्षित-4
4.माहुर,आलता-4
7.कार्य,काज-2
8.रांझे की प्रेमिका-2
9.स्याही,कालिख-2
10.भूमि,धरा-2
12.ठाठ-बाट-2
14.अधर,होठ-2
16.विशाल,श्रेष्ठ-3
18.आदेश,आज्ञा-4
20.कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23.काका की पत्नी-2
24.कामदेव की पत्नी-2
25.जनवासा,हरम-4
28.हमसफर-4
30.कपड़े धोने वाला-3
33.आनंद,मौज-2
35.संदेह-2
37.सरूर,खुमार-2
39.मृत्यु का देवता-2
41.पुण्य का विलोम-2
42.परछाई,छाया-2
43.शिव,रुद्र,शंकर-4
44.सराबोर,सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**

1.समान,एक जैसा-2
2.बारीक-3
3.भीगा हुआ-2
4.मेरा (संस्कृत-2)
5.पाना,प्राप्त-3
6.घोड़ागाड़ी,गाड़ी-2
7. कहवा-2
11.उद्देश्य-2
12.गजल लिखनेवाला-3
13.उस जगह-2
15.बारिश,वर्षा-3
16.जी,चित-2
17.मर्द,आदमी-2
18.दरवेश-3
19.मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21.साजन,प्रेमी-3
22.मुलायम-3
26.कायदा,कानून-3
27.महोदय (अंग्रेजी)-2
28.अधिकार-2
29.खटखटाना-3
31.जगत,दुनिया-2
32.प्राण,जीव-2
34.स्वाद-3
35.प्रतिज्ञा-3
36.शरीर,तन-2
38.संध्या,सांझ-2
40.अपशिष्ट पदार्थ-2
41.मस्तूल,नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42.संग,संगत-2

शब्द पहेली -3071 का हल



# 3 महिलाओं समेत 6 गांजा तस्कर गिरफ्तार

## ग्रेटर नोएडा में गैंग का भंडाफोड़, 22 किलो 300 ग्राम मादक पदार्थ हुआ बरामद

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की बिसरख थाना पुलिस ने बड़े ही शातिर गांजा तस्करों के गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस दौरान तीन महिलाओं सहित कुल 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह लोग गाड़ी की सीटों को मॉडिफाई कराकर उसमें बड़े ही शातिर तरीके से गांजा छुपा कर तस्करी किया करते थे।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने नशा माफियाओं के खिलाफ विशेष अभियान छेड़ा हुआ है। इस दौरान गांजा तस्कर शराब तस्करों की पुलिस जमकर धर पकड़ कर रही है। इसको लेकर लगातार सघन चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना बिसरख पुलिस द्वारा, लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर गांजा तस्कर गिरोह का पर्दाफाश करते हुये 6 गांजा तस्करों को



गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने गोपनीय सूचना के बाद एक टोयोटा कोरोला गाड़ी को रोका उसे गाड़ी में एक महिला सहित तीन लोग सवार थे। गाड़ी में सवार मनोहर, सुमित, सुमित त्यागी व नेहा को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने जब उस गाड़ी की सही तरीके से चेकिंग की तो पाया की गाड़ी में बड़े ही खुफिया तरीके से मॉडिफाई करके सीटों के नीचे जगह बनाई हुई थी और वहां पर भारी मात्रा में गांजा भरा हुआ था। इस दौरान पुलिस ने उसे गाड़ी से 22 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। इसके बाद पुलिस ने इन लोगों की निशान देही पर ही दो अन्य महिलाओं को भी गिरफ्तार किया। पुलिस ने ममता और अनिता को गिरफ्तार किया।

सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी हिरदेश कटारिया ने बताया कि पकड़े गए गांजा तस्कर बड़े ही शातिर किस्म के हैं। यह लोग गाड़ी से गांजे की तस्करी किया करते थे, जिसके लिए इन्होंने अपनी गाड़ी को मॉडिफाई कराया हुआ था और अलग से गांजे को छिपाने के लिए उसमें स्थान बनाया हुआ था। गांजा तस्करी करते समय यह महिलाओं को साथ बिठाकर रखते थे, जिससे कि कोई शक ना करें।

अभी तक की पूछताछ में पता चला है कि यह लोग उत्तराखंड से गांजा लाकर दिल्ली एनसीआर में सप्लाई किया करते थे।

अभी उनकी पूरी चैन के बारे में पता लगाया जा रहा है, इनके कब्जे से 22 किलो से ज्यादा गांजा बरामद हुआ है, जिसकी कीमत करीब 6 लाख रुपए बताई जा रही है।

# अवैध रूप से लाए जा रहे चार लाख रुपये के इंजेक्शन जब्त

**नोएडा।** दिल्ली में स्टोर बनाकर नोएडा के कुछ अस्पताल और मेडिकल स्टोर पर इंजेक्शन को अवैध रूप से खपाने के मामले का खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने पर्दाफाश किया है। औषधि निरीक्षक की टीम ने एक गुप्त सूचना के आधार पर सेक्टर-63 के पास से युवक के पास से इंजेक्शन बरामद किया है। आरोपी को सोमवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

जिला औषधि निरीक्षक वैभव बब्बर ने बताया कि गाजियाबाद के औषधि निरीक्षक व सेक्टर-63 थाना पुलिस की टीम ने सूचना के आधार पर सेक्टर-63 के पास जाल बिछाया था। जिसमें दिल्ली के लक्ष्मी नगर निवासी विमल गुप्ता को रविवार को सेक्टर-63 में टीम ने दबोच लिया।

उसने लक्ष्मीनगर स्थित अपने घर में इंजेक्शन का स्टोर बना रखा था। वहां से स्कूटी लेकर नोएडा क्षेत्र में अवैध रूप से इंजेक्शन की सप्लाई करता था। आरोपी विमल के पास औषधि क्रय विक्रय का कोई लाइसेंस नहीं मिला है।

नोएडा टीम के इनपुट पर दिल्ली से भी करीब 9 लाख रुपये का इंजेक्शन बरामद किया गया है। वहां की स्थानीय पुलिस व औषधि विभाग की टीम भी कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि इस इंजेक्शन का उपयोग हार्मोन ग्रोथ के लिए किया जाता है। जिसका नाम हेड ऑन है।

इस इंजेक्शन को सन फार्मा कंपनी बनाती है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया वह लक्ष्मीनगर से गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद और हरियाणा के विभिन्न अस्पताल व मेडिकल स्टोर पर इंजेक्शन की आपूर्ति कर रहा था। औषधि निरीक्षक का कहना है कि इंजेक्शन के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा जाएगा।

# शार्ट न्यूज

## मोबाइल शॉप दुकानदार को बेरहमी से पीटा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के इंदिरापुरम इलाके में एक मोबाइल दुकानदार को बेरहमी से पीटा गया। दरअसल, एक युवक-युवती मोबाइल का स्क्रीनगार्ड बदलवाने आए थे। इस दौरान उन्होंने दुकानदार पर मोबाइल कवर तोड़ने का आरोप लगाया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर अज्ञात युवक-युवती के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कर लिया है। वसुंधरा सेक्टर-15 में दिगंबर सिंह की मोबाइल शॉप है। शुक्रवार रात करीब साढ़े 9 बजे एक युवक-युवती उनकी शॉप पर आए। वे मोबाइल पर नया स्क्रीनगार्ड लगवाना चाहते थे। इस दौरान उन्होंने मोबाइल का बैक कवर तोड़ने का आरोप दिगंबर सिंह पर लगाया। दिगंबर सिंह ने कहा कि ये कवर पहले से टूटा हुआ है। युवक-युवती ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज दिखाने को कहा तो दुकानदार ने रात ज्यादा होने की बात कहकर रविवार को आने को कहा। इस पर कहासुनी बढ़ गई। इसके बाद युवती के साथ आए युवक ने दुकानदार को पीटा। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि ये शख्स दुकानदार को दुकान से बाहर खींचकर ले गया और बुरी तरह मारपीट की। इस दौरान दुकानदार दिगंबर सिंह के भाई लायक सिंह बीच-बचाव कराने वहां आ गए। उनके साथ भी मारपीट की गई।

## गाजियाबाद में हाउस टैक्स वृद्धि का विरोध



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में डीएम सर्किल रेट से हाउस टैक्स वृद्धि का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। काजीपुरा में रविवार को आनंद चौधरी के आवास पर एक पंचायत हुई। इसमें कई पार्षद शामिल हुए। सभी ने हाउस टैक्स वृद्धि का विरोण किया और 31 जनवरी तक इसे वापस लेने के लिए मेयर से कहा। दरअसल, पिछले दिनों शासन द्वारा डीएम सर्किल रेट के आधार पर हाउस टैक्स में वृद्धि के बाबत नगर निगम ने सर्किल रेट की सूची का प्रकाशन किया था, ताकि आपत्तियां प्राप्त हो सकें। पूर्व में हाउस टैक्स में 10 फीसदी की वृद्धि की गई थी। इसके बाद हर साल पांच फीसदी टैक्स बढ़ाया जाता रहा। ऐसे में अब लोग फिर से हाउस टैक्स बढ़ाने का विरोध कर रहे हैं। आज हुई बैठक में बसपा के महानगर अध्यक्ष आनंद चौधरी, पूर्व पार्षद मनोज चौधरी, जाकिर सैफी, नरेश जाटव, पार्षद मोहम्मद कल्याण, पार्षद माया, चेतन यादव, सोनवीर, रजनीश चौधरी, हिमांशु लव, मुकेश गौतम आदि मौजूद रहे।

## एडवोकेट के दफ्तर में हुई चोरी का खुलासा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के कविनगर थाना क्षेत्र के आरडीसी इलाके में टैक्स एडवोकेट के ऑफिस में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में एडवोकेट के ऑफिस में काम करने वाले ऑफिस बॉय और उसके एक साथी को गिरफ्तार किया है और 24.77 लाख कैश भी बरामद कर लिया है। घटना 19 जनवरी की रात की है। ऑफिस बॉय सीसीटीवी का डीवीआर भी ले गया था। गाजियाबाद के डीसीपी सिटी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि थाना कविनगर के आरडीसी में जीएसटी एडवोकेट राकेश कुमार का दफ्तर है। राकेश कुमार ने पुलिस को सूचना दी थी कि 19 जनवरी को उनके दफ्तर से कैश और सीसीटीवी की डीवीआर चोरी हुई है। जिसके बाद इसका खुलासा किया गया है। पुलिस ने बताया कि बुलंदशहर के चोला का रहने वाला सौरव सोलंकी एडवोकेट के ऑफिस में काम करता था। सौरव एडवोकेट को दराज में रखे हुए कैश देख लिया। इसीलिए उसने इस कैश को चोरी करने के लिए प्लानिंग के तहत अपने साथी को लेकर ऑफिस में दाखिल होकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि चोरी के बाद सौरव और सोहित वहां लगे सीसीटीवी के डीवीआर को भी अपने साथ ले गए। ताकि उनकीपहचान ना हो सके। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस इस घटना को संदिग्ध मान रही थी।

## साइबर ठग ने वीडियो कॉल कर हैक किया फोन: अश्लील फोटो बनाकर मांगे 5 लाख

**मोदीनगर।** सावधान! अनजान वीडियो कॉल को रिसीव न करें। क्योंकि वीडियो कॉल के माध्यम से साइबर अपराधी आपके मोबाइल फोन से पर्सनल डाटा चोरी करके ब्लैकमेल कर सकते हैं। ऐसा ही एक मामला मोदीनगर थाना क्षेत्र में सामने आया है। जिसमें साइबर अपराधी ने वीडियो कॉल करके एक व्यक्ति का पर्सनल डाटा चोरी कर लिया। बाद में उसके परिजनों की फोटो से छेड़छाड़ कर उन्हें अश्लीलता का रूप दिया गया और वायरल करने की धमकी देते हुए पीड़ित से 5 लाख रुपये की डिमांड की गई। कोतवाली क्षेत्र की भूपेंद्रपुरी कॉलोनी में एक व्यक्ति परिवार सहित रहते हैं। 23 नवंबर 2023 को रात में 8: 30 बजे उनके वाट्सऐप पर वीडियो कॉल आई। पीड़ित ने कॉल रिसीव की। फोनकर्ता ने नाम और हाल चाल पूछा। 15 से 20 सेकेंड बातचीत होने के बाद अचानक पीड़ित के मोबाइल फोन में गैलरी सहित डाटा अपने आप खुलने लगा। जिस पर घबराकर पीड़ित ने मोबाइल बंद कर दिया। 20 दिसंबर 2023 को दोबारा से उसी नंबर से पीड़ित के वाट्सऐप पर वीडियो कॉल आई। आरोपी ने वीडियो कॉल के जरिए पीड़ित का उसका पैन कार्ड और आधार कार्ड का प्रिंट आउट निकालकर दिखाया। जिसमें फोटो किसी और लगा था। इसके बाद आरोपी द्वारा पीड़ित के परिजनों के फोटो दिखाए गए। फोटो देखकर पीड़ित दंग रह गया।

## गाजियाबाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष

**मोदीनगर।** गाजियाबाद में मोदीनगर की गोविंदपुरी कॉलोनी स्थित चाउमीन चौक पर देर रात टशनबाजी को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे व धारदार हथियार चले। 20 मिनट तक हुई पत्थरबाजी के चलते अफरा तफरी का माहौल बन गया। इस संघर्ष में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों ने एक दूसरे खिलाफ मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। गोविन्दपुरी कॉलोनी निवासी आयुष वर्मा व पीयूष सोरोन के बीच चार दिन पहले पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने को लेकर विवाद हो गया था। उस समय तो लोगों ने मामला शांत करा दिया था। देर रात को आयुष वर्मा अपने साथियों के साथ कार से गोविन्दपुरी कॉलोनी स्थित चाउमीन चौक पर पहुंचा। बताया जा रहा है कि वहां पर बाइक व स्कूटी सवार कई लोग आए और कार से आयुष व उनके साथियों को उतारकर मारपीट करने लगे। बताया जा रहा है कि देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने सामने आ गए और जमकर लाठी डंडे व धारदार हथियार चले। इतना ही नहीं 20 मिनट तक दोनों पक्षों में पत्थरबाजी होती रही। अचानक हुई पत्थरबाजी के चलते चाउमीन चौक पर अफरा तफरी का माहौल बन गया। वहां पर मौजूद लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर उधर भागने लगे। इस संघर्ष में आयुष वर्मा व पीयूष सोरोन गंभीर रूप से घायल हो गए।

## झूठ बोलकर महिला से की दूसरी शादी, बनाए अप्राकृतिक संबंध; विरोध करने पर कर दी पिटाई

गाजियाबाद। नंदग्राम थाना क्षेत्र के राजनगर एक्सटेंशन में विवाहिता ने अपने पति पर धोखा देकर शादी करने का आरोप लगाया है। उसने अपने पति पर शराब पीकर अप्राकृतिक संबंध बनाने का आरोप लगाते हुए नंदग्राम थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस को दी तहरीर में महिला ने बताया कि उसकी मुलाकात दिल्ली निवासी अतुल से दो साल पहले हुई थी। इसके बाद उसने नजदीकी बनाई और दोनों में शादी की सहमति बन गई। शादी होने के बाद आरोपी विवाहिता का शोषण करने लगा। उससे 10 लाख रुपये से ज्यादा की रकम दहेज के नाम पर ले ली है। इसी दौरान विवाहिता को पता चला कि अतुल ने उससे झूठ बोलकर शादी की थी। महिला का कहना है कि अतुल पहले से शादीशुदा है। उसके बच्चे भी हैं। विरोध जताने पर आरोपी ने विवाहिता को बुरी तरह पीटा और फिर छोड़कर चला गया । इस बारे में एसीपी रवि कुमार का कहना है कि मामले की छानबीन में शुरू कर दी गई है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# दो साल के अंदर जिले में बढ़े करीब 1.71 लाख मतदाता

ग्रेटर नोएडा। जिला प्रशासन 23 जनवरी को लोकसभा चुनाव की अंतिम मतदाता सूची जारी करेगा। विधानसभा चुनाव-2022 के मुकाबले इस बार मतदाता सूची में करीब 1.71 लाख मतदाता अधिक होंगे। वर्ष 2022 की मतदाता सूची में 16.69 लाख मतदाता थे।

इस बार अब तक मतदाताओं की संख्या 18.30 लाख तक पहुंच चुकी है। वहीं वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में 15.37 लाख मतदाता थे। तब और अब के चुनाव में करीब तीन लाख मतदाताओं का अंतर है। जिनको लुभाने के लिए प्रत्याशियों को कड़ी मेहनत करनी होगी। प्रशासनिक अफसरों ने बताया कि 23 जनवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

प्रशासन ने नए मतदाता पहचान पत्र का वितरण भी शुरू करा दिया है। अब तक 77 हजार मतदाता पहचान पत्र छप कर आ चुके है।

संबंधित तहसील से पहचान पत्रों को स्पीड पोस्ट के माध्यम से मतदाताओं के घर पर पहुंचाया जा रहा है। अफसरों ने बताया कि अब तक 49 हजार मतदाता पहचान पत्र का वितरण हो चुका है।

जबकि बाकी करीब 28 हजार मतदाता पहचान पत्रों के वितरण का काम चल रहा है।

# ग्रेनो-वेस्ट में मेट्रो की मांग को लेकर निवासियों ने किया-प्रदर्शन

## जमकर की गई नारेबाजी, कहा- रोजाना कई घंटे जाम में पड़ते है बिताने

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एक मूर्ति चौक पर एक बार फिर से निवासी जुटे और कड़ाके की ठंड में भी पीएमओ द्वारा एक्वा लाइन मेट्रो का डीपीआर अस्वीकृत करने पर लोगों ने आक्रोश जताया तथा एनएमआरसी द्वारा कोई सार्थक प्रयास न दिखने पर नारेबाजी की गई।

प्रदर्शन में शामिल रोहित मिश्रा ने सरकार से प्रश्न पूछा कि जंतर मंतर पर प्रदर्शन के बाद 12 दिन में नई डीपीआर बनाने की बात एनएमआरसी चैयरमैन ने की थी, जो अधिकतर समाचारपत्रों में छपी थी, इतना समय बीतने के बावजूद कुछ नहीं हुआ, आखिर कितना समय और लगेगा?

डॉ. सुहैल खान का कहना है कि




रोजाना कई घंटे ट्रैफिक जाम में बिताने का असर निजी जिंदगी के साथ साथ रोजी रोटी पर भी पड़ रहा है, क्योंकि जो समय घर या ऑफिस में दे सकते थे वो सड़क पर देना पड़ रहा है। एक दशक से बस सुनते आ रहे हैं कि मेट्रो बन जायेगी, लेकिन हर बार निराशा हाथ लगती है।

चंदन सिन्हा ने कहा कि एनसीआरपीबी ने स्वीकृति में मेट्रो की शर्त रखी थी। आश्चर्य है कि दस साल में अफसर एक ढंग का प्लान नहीं बना पाए।

चार-चार बार निविदा प्रकाशित होने के बाद इतने महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट का ये हश्र होना निराशाजनक है, अधिकारियों की बेपरवाह कार्य संस्कृति एवं लाल फीताशाही का जीवंत उदाहरण है।

सुधांशु किशोर, विपिन प्रसाद, गंगेश कुमार, आर सी भट्ट, अशोक श्रीवास्तव, अनुपमा मिश्रा, एल डी शर्मा, एच एस भंडारी, एस के सिंह, शैलेश कुमार सिंह, रंजना सिंह, डी के सिन्हा सहित अनेक निवासियों का कहना है कि आजकल घर से निकलना दुभर हो गया है।

मजबूरी में यहां के ज्यादातर निवासी निजी वाहनों का इस्तेमाल कर रहे हैं। जबतक मेट्रो नहीं बनता स्थिति और खराब होगी।

हमारे पास सड़क पर उतर कर प्रदर्शन के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। सरकार को यथाशीघ्र मेट्रो निर्माण की निविदा निकल कर कार्य प्रारंभ कराना चाहिए।

# चाकू से गोदा, फिर बाइक से बांधकर घसीटा

नोएडा। नोएडा में रंजिश में युवक को चाकू मारकर बाइक में बांधकर बरौला गांव में घुमाया गया। शनिवार रात चाकू मारने वाला दोनों आरोपी घायल युवक को बाइक से घसीटते हुए बरौला चौकी पहुंच गए। इसके बाद पुलिस चौकी से लेकर गांव तक अफरातफरी मच गई।

घायल मेहंदी हसन को अस्पताल ले जाया गया है जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी अनुज और नितिन को गिरफ्तार कर लिया है। बरौला गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस तैनात कर दी गई है।

बरौला निवासी अनुज निजी अस्पताल में काम करता है। उसके चचेरे भाई नितिन का दूध का कारोबार है। शनिवार रात अनुज और नितिन की गांव निवासी मेहंदी हसन से शनिवार रात को कहासुनी हो गई। अनुज और नितिन ने मेहंदी पर चाकू से कई वार कर दिया। चाकू मार दिया और बाइक में बांधकर घसीटता हुआ गांव में घुमाया।

इसके बाद दोनों मेहंदी हसन को घसीटते हुए बरौला पुलिस चौकी पहुंचे। तब तक वहां काफी संख्या में लोग भी इकट्ठा हो गए थे। घायल मेहंदी हसन को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसने दम तोड़ दिया।

नोएडा के डीसीपी हरिश्चंद्र ने बताया कि वर्ष 2018 में मेहंदी ने अनुज के पिता को चाकू मारकर घायल कर दिया था। इसके बाद उसके खिलाफ स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। तब से अनुज मेहंदी से रंजिश रखता था।

कोर्ट में मेहंदी और अनुज के बीच कई बार कहासुनी हुई थी। शनिवार रात को भी दोनों में कहासुनी हो गई जिसके बाद अनुज ने नितिन ने मिलकर उस पर चाकू से वार कर दिया।

### बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़

वहीं, नोएडा पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस और बदमाशों के बीच हुए मुठभेड़ पर एडीसीपी मनीष मिश्रा ने कहा कि सुबह लगभग 5: 00 बजे थाना सेक्टर 49 की पुलिस की दो अपराधियों अनुज और नितिन के साथ मुठभेड़ हुई। अनुज और नितिन ने कल मेहंदी हसन नामक व्यक्ति को चाकू मारा गया था जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस इनको आला कत्ल की बरामदगी के लिए लेकर के जा रही थी। जहां आला कत्ल की बरामदगी के बाद अपराधियों ने पुलिस पर हमला किया। जवाबी फायरिंग में दोनों अभियुक्त घायल हुए। दोनों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है, वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जा रही है।

### पुलिस चौकी में तोड़फोड़ का प्रयास

वारदात के बाद बरौला पुलिस चौकी के पास सैकड़ों लोग इकट्ठा हो गए। नाराज लोगों ने पुलिस चौकी में तोड़फोड़ का प्रयास किया।

मौके पर पहुंची पुलिस बल ने लोगों को वहां से हटा दिया। डीसीपी हरीश चंदर ने पुलिस चौकी में किसी तरह की तोड़फोड़ से इन्कार किया है। पिता पर कातिलाना हमले के बाद बदला लेने के लिए अनुज ने मेहंदी हसन को बाइक के पीछे रस्सी से बांधकर पूरे गांव में घुमाया। इससे पूरे गांव में हड़कंप मच गया।

# नोएडा में स्कूल-कॉलेज और दफ्तर सब बंद

**गौतमबुद्धनगर।** नोएडा में सोमवार को सार्वजनिक छुट्टी का ऐलान कर दिया गया है। एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है कि सोमवार को नोएडा में सार्वजनिक छुट्टी रहेगी। इस दिन सरकारी संस्थानों से जुड़े सभी अस्पताल बंद रहेंगे। इसके अलावा दफ्तर, स्कूल और कॉलेज में भी यहां बंद रहेंगे। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में 22 जवनरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है और इसी को देखते हुए नोएडा में सार्वजनिक छुट्टी का ऐलान किया गया है। झ्ठ्ठगौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा, 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले कार्यक्रम को देखते हुए उत्तर प्रदेश में Negotiable Instruments Act, 1881 के तहत सार्वजनिक छुट्टी का ऐलान किया गया है। डीएम ने न्यूज एजेंसी से कहा कि सरकारी दफ्तरें और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में इस दिन छुट्टी रहेगी। डीएम ने कहा कि हालांकि, निजी संस्थान और कमर्शियल फैसिलिटी अपनी तरफ से फैसला लेने के लिए स्वतंत्र हैं। डीएम ने कहा कि इस दिन नोएडा में शराब की बिक्री भी नहीं होगी। इस दिन मीट की दुकानें भी नोएडा में बंद रहेंगी। जनवरी को राममंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होना है। इस मौके पर कई राज्यों में छुट्टी या तो हाफ डे का ऐलान किया गया है। नोएडा से सटे दिल्ली में इस दिन हाफ डे का ऐलान किया गया है। इस आदेश के मुताबिक, इस दिन दिल्ली में सभी कार्यालयों, यूएलबी, स्वायत्त निकायों, उपक्रमों और बोर्डों में आधे दिन के लिए बंद करने की मंजूरी दी गई है।

# वाहन चोर गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश, दो चोर गिरफ्तार

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा की बादलपुर थाना पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरों के कब्जे से चोरी की गई एक सीएनजी बोलोरो गाड़ी और एक एक इको वेन बरामद की है।

दरसअल बादलपुर थाना पुलिस ने लोकल इंटेलीजेंस और मुखबिर की सूचना के बाद धूम मानिकपुर बैरियर से बृजेश व राहुल खान को चोरी की गाड़ी के साथ गिरफ्तार किया। इस दौरान उनका एक साथी आसम मौके से फरार हो गया। पुलिस ने इन दोनों चोरों के कब्जे से तमंचा कारतूस अवैध चाकू और चोरी की गई एक मैक्सी ट्रक प्लस सीएनजी बोलेरो और एक वन बरामद की।

### डुप्लीकेट चाबी से गाड़ी का तोड़ते थे लॉक

सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी हिरदेश कठेरिया ने बताया कि इन लोगों का गिरोह बड़े ही शातिर किस्म का है, जो डुप्लीकेट चाबी से या गाड़ी का लॉक तोड़कर गाड़ियों की चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया करते थे।

यह डुप्लीकेट चाबी से गाड़ी को स्टार्ट कर उसके बाद गाड़ी को चुरा कर फरार हो जाया करते थे। यह लोग गाड़ी चोरी करने के बाद उन गाड़ियों को हरियाणा के नूह व अन्य राज्यों में कम दामों में बेच दिया करते थे। पुलिस के अनुसार इन चोरों पर एक दर्जन से ज्यादा चोरी के मुकदमे दर्ज हैं, यह दिल्ली एनसीआर में दर्जनों वारदातों को अंजाम दे चुके हैं।

# रील बनाने के लिए गाड़ी लगाकर सड़क बंद की

**नोएडा।** रील बनाने वाले लगातार नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। ऐसा ही वीडियो सोशल मीडिया पर रविवार को वायरल हुआ, जिसमें सेक्टर-126 में युवकों ने थार लगाकर सड़क को बंद कर दिया।वीडियो में नजर आ रहा है कि युवक गाड़ी को आड़े-तिरछे खड़ी कर रील बना रहे हैं। सड़क बंद करने से करीब एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया। इसको लेकर एक यूजर ने पुलिस को टैग करते हुए शिकायत की। करीब 14 सेकेंड के इस वीडियो में सड़क के बीच में काली रंग की थार खड़ी है। हरियाणवी गीतों की धुन पर सोशल मीडिया रील बनाई जा रही है। यह वीडियो तेजी से सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर वायरल हो रहा है। डीसीपी यातायात अनिल कुमार यादव ने बताया कि वीडियो की जांच कर वाहन के नंबर को ट्रेस करने का प्रयास कर रहे हैं। उस थार पर टेंपरेरी नंबर लगा हुआ है।

# दनकौर पुलिस ने वृद्धा से हड़पे 60 हजार रुपए

## पैसे न देने पर बेटे को जेल भेजने की देते थे धमकी, पीड़िता ने की कार्रवाई की मांग

**जेवर।** गौतमबुधनगर में सक्का गांव की रहने वाली 80 वर्षीय विधवा ने दनकौर कोतवाली के दरोगा और एक सिपाही पर 60 हजार रुपये लेने का आरोप लगाया है। जिसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस के आलाधिकारी से करने को कहा है।

पीड़ित महिला राजवती देवी का कहना है कि कुछ वर्ष पहले उसके पति की मौत हो चुकी है। पुलिस ने उसके इकलौते बेटे को जेल भेजने का डर दिखा कर रुपये ले लिए हैं। महिला का कहना है कि परिवार के ही एक व्यक्ति के डर से उसने अपने बेटे को जहांगीरपुर गांव के नजदीक एक गांव में पिछले 15 वर्षों से रिश्तेदार के पास भेजा हुआ है।

उसका बेटा गांव में रहेगा तो जान का खतरा है। आरोप है कि किसी व्यक्ति के कहने पर पुलिस बार-बार बुजुर्ग



महिला पर दबाव बनाती है कि बेटे को गांव में ही रखो। बुजुर्ग महिला उसकी जान का खतरा बताती है तो पुलिस इकलौते बेटे को जेल भेजने का डर दिखाती है।

आरोप है कि इसी तरह डरा धमकाकर बुजुर्ग महिला से दो बार में 60 हजार रुपये एक दरोगा और सिपाही ले चुके हैं। इसके बावजूद शुक्रवार की शाम पुलिस बुजुर्ग महिला के बेटे युद्धवीर को जबरन हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। करीब 4 घंटे तक युवक को पुलिस ने हिरासत में रखा। बाद में गांव के काफी लोग और रिश्तेदार कोतवाली पहुंचे। लोगों ने युवक को हिरासत में लेने का विरोध किया।

काफी देर तक चले ड्रामे के बाद शुक्रवार की रात युवक को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह का कहना है कि युवक के परिजनों ने आईजीआरएस से शिकायत की थी कि रिश्तेदारों ने युवक को किडनैप कर रखा हुआ है।

इसी की जांच के लिए पुलिस युद्धवीर को लेकर कोतवाली आई थी। एसीपी तृतीय सार्थक सेंगर का कहना है कि बुजुर्ग महिला ने जो आरोप लगाए हैं, उनकी जांच की जाएगी। दोषी पाए जाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

# जांच के दौरान मीटरों में रीडिंग पहले से स्टोर मिली

एजेंसी

नोएडा। विद्युत निगम ने बिजली मीटरों की जांच का अभियान चलाया। दो दिन जांच अभियान में खुलासा हुआ कि मीटरों में स्टोर रीडिंग मिली है। इसमें मीटर रीडरों की मिलीभगत की संभावना जताई जा रही है। वहीं, सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी वायरल हो रहा है।

इसमें एक व्यक्ति मशीन से मीटर की डिस्पले को खराब कर रहा है। बीते सप्ताह में विद्युत निगम के अधिकारी और मीटर रीडर बिलिंग कार्य को लेकर आमने-सामने आ गए थे। मीटर रीडर आरोप लगा रहे थे कि निगम अभियंता उनसे वसूली के लिए दवाब बना रहे हैं।

वही अभियंताओं ने आरोप लगाया कि मीटर रीडर घर बैठकर बिल तैयार कर रहे हैं। उपभोक्ताओं के साथ मिलीभगत करके रीडिंग में गड़बड़ी कर रहे हैं। इसके बाद विद्युत निगम की संयुक्त टीम ने रबूपुरा क्षेत्र में जांच अभियान चलाने का निर्णय लिया। इसमें विद्युत निगम के अभियंताओं के साथ बिलिंग एजेंसी के सुपरवाजइर भी शामिल हुए। दो दिन के अभियान में 40 से अधिक उपभोक्ताओं के मीटरों में स्टोर रीडिंग मिली। निगम अभियंताओं ने बताया कि रबूपुरा क्षेत्र के मेहंदीपुर गांव के निवासी फरियाद के बिजली मीटर में साढ़े छह हजार रीडिंग स्टोर मिली। इसी तरह मीरा देवी के मीटर में करीब 12 सौ रीडिंग स्टोर मिली। फूल खां के मीटर में 48 सौ यूनिट स्टोर मिली । जुबैदा और नूर जहां के बिजली मीटर में 1500-1500 रीडिंग स्टोर मिली। गुडडू के मीटर में करीब 15 सौ यूनिट स्टोर मिली। इसी तरह 40 से अधिक उपभोक्ताओं के मीटरों में स्टोर रीडिंग मिली है। विद्युत निगम आगे भी अभियान चलाया जाएगा। जांच अभियान टीम में अवर अभियंता पुष्पराज, कार्यकारी सहायक दीपक शर्मा, बिलिंग सुपरवाइजर ब्रिजेश नागर व लाइनमैन अन्नू शामिल रहे।

## महिला के चेहरे पर चाकू से हमला कर पति फरार

दनकौर। कस्बे की रहने वाली महिला पर उसके ही पति ने चाकू से हमला कर दिया। वारदात को अंजाम देकर आरोपी पति फरार हो गया। पीड़िता ने अपने परिजनों के साथ मिलकर पुलिस से मामले की शिकायत की। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। पीड़ित दीपांशी का कहना है कि करीब पांच वर्ष पहले उसकी शादी सिकंदराबाद क्षेत्र के खैरपुर गांव में हुई थी। शादी के बाद से ही अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए आरोपी पति समेत ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करते हैं। जब पीड़ित उनका विरोध करती है तो आरोपी मारपीट करते हैं। आरोप है कि रविवार की सुबह उसके पति ने ससुराल में उसके साथ मारपीट की। इसके बाद बाइक पर बैठाकर पीड़ित को दनकौर कस्बा ले आया। आरोप है कि पीड़ित के घर पर लाकर आरोपी ने चाकू से उसके चेहरे पर हमला कर दिया। इस घटना में पीड़ित लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गई। आरोपी लोगों को आता देखकर मौके से बाइक लेकर फरार हो गया।

# यूपी के 56 शहरों में कोल्ड डे का अलर्ट

## सोनभद्र 2.8, कानपुर-लखनऊ में पारा 7; अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के दिन छाया रहेगा कोहरा

कानपुर/लखनऊ/अयोध्या। यूपी में भीषण ठंड का दौर जारी है। फिलहाल, इससे राहत मिलती नहीं दिख रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 5 दिनों तक कोल्ड-डे की स्थिति बनी रहेगी। कोहरा अब और घना होगा। मौसम विभाग ने रविवार को 20 शहरों में कोल्ड-डे का ऑरेंज और 36 शहरों में यलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि 22 जनवरी यानी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन अयोध्या में घना कोहरा छाया रहेगा। ऐसे में वीआईपी के विमानों की लैंडिंग और टेकऑफ में दिक्कत आ सकती है। आज भी कोल्ड-डे है। 5.6 किमी की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। दिन का तापमान 16 और रात 7 तक पहुंच सकता है।

वहीं, अगर शनिवार की बात करें तो सोनभद्र सबसे ठंडा शहर रहा। यहां न्यूनतम पारा 2.8 रिकॉर्ड किया गया, जबकि 22.6 अधिकतम के साथ बांदा सबसे गर्म रहा।



### आज इन जिलों में कोल्ड डे का अलर्ट

**ऑरेंज अलर्ट :** बस्ती, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं।

**यलो अलर्ट :** प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, आजमगढ़, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया।

### इन जिलों में छाएगा घना कोहरा

मौसम विभाग के मुताबिक, बस्ती, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, बाराबंकी, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ , गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, कासगंज, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं।

### पश्चिमी में सीवियर कोल्ड वेव चलेगी

मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 3 से 5 दिनों में घने से बहुत घने कोहरे और कोल्ड-डे से लेकर सीवियर कोल्ड-डे के हालात बने रहने की संभावना है। इसी तरह, अगले 3 दिनों के दौरान पश्चिम यूपी के मैदानी इलाकों में शीतलहर से लेकर गंभीर शीत लहर की स्थिति जारी रहने की संभावना है। सीएसए यूनिवर्सिटी के मौसम विज्ञानी डॉ. स्ह सुनील पांडेय ने बताया कि छाए हुए बादलों के चलते तापमान में इजाफा हो रहा है। लेकिन सर्द हवाओं ने दिन की गलन बढ़ा दी है।

# पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति की 13.42 करोड़ की संपत्ति जब्त

लखनऊ। लखनऊ में हरिहरपुर और मोहनलाल गंज में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने शुक्रवार को पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति की करीब 13.42 करोड़ रुपए कीमत की संपत्ति जब्त कर ली।

पिछले हफ्ते टीम ने मुंबई के मलाड में एक अपार्टमेंट में उनके बेटे और बहू के नाम चार फ्लैट सीज किए गए थे। ईडी अब तक गायत्री प्रसाद प्रजापति की 50.37 करोड़ रुपए की संपत्तियां जब्त कर चुकी है।

### खनन मंत्री रहते हुए जमा की अकूत संपत्ति

ईडी के अधिकारियों ने बताया कि जांच में पाया गया है कि गायत्री प्रसाद प्रजापति ने खनन मंत्री रहते हुए कई अवैध संपत्तियां बनाई। इसके लिए उन्होंने अपने बेटों, बहू, परिचितों के बैंक खातों का इस्तेमाल किया। इन बैंक खातों में उन्होंने नकद रकम जमा की और फिर इसे संपत्तियों में निवेश कराया।

ईडी ने वर्ष 2021 में लोकायुक्त की जांच में गायत्री के दोषी पाए जाने के बाद एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की थी। लोकायुक्त जांच में उन्हें आय से ज्यादा संपत्ति कमाने का दोषी पाया गया था। ईडी ने अब तक गायत्री के परिवार के लोगों की 60 अचल संपत्तियां जब्त की हैं।

अमेठी से चार किलोमीटर दूर पड़ता है परसाना गांव। यहीं के रहने वाले हैं गायत्री प्रजापति। पिता सुकई राम कुम्हार थे। लेकिन गायत्री का मन इस काम में नहीं लगा तो वे पुताई का काम करने लगे।

साल 1984 में इंदिरा गांधी का मर्डर हुआ, राजीव गांधी देश के पीएम बन गए। तब वह तो अमेठी के सांसद थे। उन्होंने अपने क्षेत्र में विकास के लिए कोरवा इलाके में हिंदुस्तान एरोनोटिक्स लिमिटेड यानी HAL का कारखाना लगवाया। यहीं से पेंटर गायत्री के दिन बदल गए।

कारखाने की बिल्डिंग बनकर तैयार हो चुकी थी।

# मेरठ में सिलेंडर में लगी आग, जिंदा जला होमगार्ड

**12 लोग झुलसे, लोग मदद को करते रहे कॉल, फायर ब्रिगेड 45 मिनट बाद पहुंची**

एजेंसी

मेरठ। मेरठ में रविवार तड़के सुबह बड़ा हादसा हुआ है। यहां एक दो मंजिला घर के अंदर होमगार्ड की जिंदा जलकर मौत हो गई। होमगार्ड का पूरा परिवार रिश्तेदारी में गया था और वह घर पर अकेला था। आग इतनी तेज थी कि पड़ोस के मकानों तक आग पहुंच गई।

मदद के लिए आगे आए पड़ोसी बिजली, पुलिस, फायर ब्रिगेड के नंबरों पर फोन करते रहे। लेकिन किसी का भी फोन नहीं उठा। पड़ोसियों ने खुद जलता दरवाजा तोड़ा, अंदर आग में घुसकर सिलेंडर बाहर फेंका। लेकिन सरकारी मदद के नाम पर कोई नहीं आया।

नतीजा होमगार्ड ने अंदर ही दम तोड़ दिया। वहीं इस हादसे में 12 लोग झुलसे हैं, इसमें 3 की हालत अभी भी गंभीर है।

मामला मेरठ के नौचंदी थाना क्षेत्र का है। यहां जयदेवी नगर में शिव मंदिर के पीछे यह घटना हुई है। बताया जा रहा है कि होमगार्ड का घर था। घर में जो गैस सिलेंडर रखा था उसमें रातभर गैस लीकेज हुई है। सुबह 4 बजे अचानक ही लीकेज गैस ने आग पकड़ ली। उस समय घर में होमगार्ड सोया हुआ था। धीरे-धीरे आग फैलने लगी।

### रिश्तेदारी में गया था परिवार

पड़ोसियों ने बताया, जयदेवी नंबर गली नंबर 6 में 50 साल के श्रीपाल का दोमंजिला मकान हैं। वह होमगार्ड हैं। परिवार में श्रीपाल की पत्नी रानी, बड़ा बेटा अभिनव, बहू है। छोटा बेटा अमन रहता है। दो बेटियों की शादी हो चुकी है।

दोनों बेटे प्राइवेट जॉब में हैं। शनिवार को श्रीपाल का पूरा परिवार नोएडा में रिश्तेदारी में साले के लड़के को देखने अस्पताल गए थे। घर पर श्रीपाल अकेले थे।

# लखनऊ में फर्नीचर हाउस में लगी आग

लखनऊ। लखनऊ के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में लालबाग स्थित फर्नीचर हाउस में रविवार दोपहर शार्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। चौक फायर स्टेशन ने सूचना मिलते ही चौकी से दो सरोजनीनगर और आलबाग से एक-एक गाड़ी के साथ चौक फायर स्टेशन से वाटर ब्राउजर भेजा गया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। ठाकुरगंज के लालबाग जेआरएन लेन निवासी अनिल कुमार का दो मंजिला मकान है। जिसमें भूतल पर फर्नीचर हाउस है। वहीं प्रथम तल पर आवास है। फर्नीचर हाउस में आग लगने से आग की लपटें आवास तक पहुंच गई। इस बीच आसपास के लोगों के शोर मचाने पर अनिल को घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने घर को दो तरफ से कवर करके आग बुझाना शुरू किया। दमकल की एक टीम ने प्रथम तक से खिड़की दरवाजे तोड़कर अंदर जाने का रास्ता बनाया। जिसके बाद एक टीम ऊपर से और एक टीम नीचे से आग पर पानी डालना शुरू किया।

# 10 दिनों से लापता अफजाल का शव बरामद, 3 गिरफ्तार

## एसएसपी बोले- पैसे के लेनदेन को लेकर मारा, दफनाने के लिए पहले से खोदा था गड्ढा

देवबन्द। देवबंद में 10 दिनों से लापता हुए युवक की हत्या का रविवार को पुलिस खुलासा किया है। इस हत्याकांड में पुलिस ने तीन हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि पैसे के लेनदेन को लेकर मृतक युवक और तीनों आरोपियों के बीच मारपीट हुई थी। मारपीट की रंजिश के चलते तीनों आरोपियों ने षडयंत्र के तहत युवक की हत्या कर दी थी।

पुलिस ने मीना बाजार निवासी अफजाल उर्फ मोनू का शव हाईवे स्थित साईंधाम के निकट एक खेत में गड्ढा खोदकर दफनाया गया था। जिसे बरामद कर लिया है। इस हत्याकांड को अंजाम देने वाले उस्तान पुत्र सगीर निवासी मौहल्ला दुद्धा, महताब पुत्र आबिद निवासी सराय पीरजादगान, नरेन्द्र सैनी पुत्र ओमप्रकाश निवासी मौहल्ला दद्धा को शुगरमील के निकट से गिरफ्तार कर लिया।



### गला दबाकर की हत्या

पुलिस का कहना है कि अफजाल उर्फ मोनू की हत्या साजिश के तहत की गई। उसकी हत्या से पहले ही आरोपियों ने साईंधाम के निकट खेत में गडढा खुदवा दिया था। बाद में उसे बहाने से नवीन मंडी स्थल के निकट बुलाया गया और तीनों ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी और शव को पहले से खुदे हुए गड्ढे में दबा दिया।

### स्कूटी और मोबाइल नहर में फेंका

एसएसपी डा. विपिन ताडा ने बताया कि आरोपियों ने अफजाल की स्कूटी और मोबाइल आदि नहर में फेक दिया। जिसकी तलाश की जा रही है। आरोपी मोबाइल कई दिनों तक अपने साथ लेकर घुमते रहे जिससे की किसी को उसकी हत्या का शक न हो और परिवार के लोग उसे लापता समझते रहे। अफजाल की पत्नी ने शनिवार को शिकायती पत्र भेजा था। एसएसपी के आदेश के बाद पुलिस सक्रिय हुई और बीती रात अफजाल का शव बरामद कर लिया। पत्नी आयशा की तहरीर पर उक्त तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# जौनपुर में हुई मुठभेड़ में दो गो तस्कर गिरफ्तार, चार गोवंश किए बरामद

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में गौराबादशाहपुर, केराकत व खेतासराय थाने की संयुक्त पुलिस टीम के साथ गोवंश तस्करों के साथ हुई मुठभेड़ में दो शातिर गो-तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे क्षेत्राधिकारी केराकत गौरव कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर चंदन राय मय टीम व थानाध्यक्ष खेतासराय त्रिवेणी सिंह मय टीम द्वारा शनिवार की रात्रि में सघन वाहन व



संदिग्धों की चेकिंग भुइली तिराहे के पास की जा रही थी कि चेकिंग के दौरान एक पिकअप वाहन गोवंशीय पशुओं को क्रूरता पूर्वक बांधकर भुइली गोदाम की तरफ से गोड़हरा पुल की तरफ जाती दिखाई दी । मौजूद दोनों टीम के द्वारा उक्त पिकअप को टार्च की रोशनी से रोका गया ।

इस पर पिकप चालक पुलिस वालों पर चढाने का प्रयास करते हुए पिकप लेकर गोडहरा पुल की तरफ भाग चला। पुलिस टीम ने भुइली गांगीघाट से थोड़ा सा पहले पहुंचकर पिकप को आगे से घेर लिया गया। तब तक थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर व थानाध्यक्ष खेतासराय अपनी टीम के साथ भुइली गोदाम की तरफ से मौके पर पहुंच गये । खुद को पुलिस से को घिरता देख जल्दी बाजी मे गांगी घाट की तरफ जाने वाले कच्चे मार्ग पर पिकअप वाहन को उतारने की कोशिश की लेकिन पिकअप वही फस गयी। इतने में प्रभारी निरीक्षक केराकत राम जनम यादव मय हमराह कण्ट्रोल रूम द्वारा प्रसारित सूचना पाकर आ गये।

# सड़क दुर्घटना में माता-पुत्र की मौत

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के सरायखाजा थाना क्षेत्र में शाहगंज रोड़ पर स्थित जपटापुर बाजार में सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार कार ने मां और बेटे को कुचल दिया जिससे मौके पर दोनों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार जिले में सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जपटापुर निवासी चंदा देवी (50) अपने पुत्र अमित (12) के साथ आज सुबह साढ़े सात बजे सड़क पर कर रही थी । इसी दौरान शाहगंज की तरफ से तेज रफ्तार में जौनपुर आ रही कार ने दोनों को कुचल दिया जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मां और बेटे के शव को लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है, पुलिस फरार स्कॉर्पियो कार की तलाश में जुटी है।

# महोबा जिले की अंतरराज्यीय सीमा की गयी सील

महोबा। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से चौबीस घण्टे पहले रविवार को उत्तर प्रदेश के महोबा जिले से जुड़ी मध्य प्रदेश की अंतरराज्यीय सीमा को सुरक्षात्मक दृष्टि से सील कर दिया गया। पुलिस ने यहां दो प्रमुख राजमार्गो समेत विभिन्न सम्पर्क मार्गों पर चेकपोस्ट स्थापित की है, जिनमें सघन चेकिंग के उपरांत ही वाहनों का आवागमन शुरू कराया गया है।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने बताया कि अयोध्या में 22 जनवरी को हो रहे देश के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन को लेकर जिले में पुलिस प्रशासन को अलर्ट मोड पर रखते हुए अपने क्षेत्र में निरंतर गस्त करने के निर्देश दिए गए है। किसी भी संदिग्ध वस्तु और ब्यक्ति के पाए जाने पर तत्काल कार्यवाही को कहा गया है। खुफिया तंत्र को सतर्क किया गया है। जिला मुख्यालय के होटलोंए ढाबोंए बस स्टैंडए रेलवे स्टेशन एवम अन्य सभी प्रमुख स्थलों की लगातार चेकिंग कराई जा रही है। ताकि गड़बड़ी फैलाने की मंशा पालने वाले अपराधी एवम असमाजिक तत्वों को दबोचा जा सके।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि महोबा जिले में राज्य की कोई 60 किलोमीटर लंबी सीमा मध्य प्रदेश से जुड़ी है। जिसमे सागर.कानपुर एवम झांसी.मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित है। इसके अलावा करीब बारह अन्य सम्पर्क मार्ग है।

# दुल्हन बनी अयोध्या, त्रेता युग की अनुभूति

अयोध्या। श्रीरामजन्मभूमि स्थल पर भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिये अयोध्या दुल्हन सी सज गयी है। रामनगरी में चहुंओर फूलों की सुगंध के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम और रह रह कर जय श्रीराम का उदघोष धर्म शास्त्रों में वर्णित त्रेता युग की अनुभूति करा रहे हैं।

कड़ाके की ठंड पर आस्था की सुनामी भारी पड़ रही है।

भगवान राम की श्याम वर्ण किशोरावस्था प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा सोमवार को अभिजीत मुहुर्त में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य गणमान्य हस्तियों की मौजूदगी में मंत्रोच्चार के बीच होगा। इस अदुभुद और औलोलिक क्षण का साक्षी बनने के लिये साधु संतों के अलावा देश की गणमान्य हस्तियों का रामनगरी में आगमन लगातार जारी है।

योग गुरु स्वामी रामदेव, परम शक्ति पीठ और वात्सल्यग्राम की संस्थापक साध्वी ऋतंभरा,संगीतकार शंकर महादेवन, दक्षिण भारतीय फिल्मो के प्रख्यात अभिनेता रजनीकांत, फिल्म अभिनेत्री कंगना राउत, शेफाली शाह, क्रिकेटर अनिल कुंबले के अलावा केंद्र सरकार के कई मंत्री और उद्योगपतियों का आगमन अयोध्या की पवित्र धरा पर हो चुका है जबकि देश दुनिया की कई जानीमानी हस्तियों का आगमन आज शाम तक होने के आसार हैं। वीवीआईपी मेहमानो के प्लेनों को पार्क करने के इंतजाम लखनऊ के अलावा कानपुर,गोरखपुर और वाराणसी हवाई अड्डे पर भी किये गये हैं।

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भव्यतम बनाने के लिये राज्य के संस्कृति विभाग ने खास इंतजाम किये हैं। रामपथ पर विभिन्न प्रांतो से आये कलाकार अपनी सुरमयी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं के बीच रामनामी लहर का अहसास करा रहे हैं।

कई टन फूलों से जगह जगह पर तोरण द्वार बनाये गये हैं। इसके अलावा खूबसूरत पेंटिंग के जरिये रामायण के प्रसंगों का जीवंत वर्णन किया गया है।

# सड़क हादसे में महिला की मौत, 3 घायल

बांगरमऊ। बांगरमऊ में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर रविवार को लखनऊ से आगरा की ओर जा रही कार अनियंत्रित होकर एक्सप्रेस-वे की पुलिया से टकरा गई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई। जबकि 3 लोग गंभीर रूप घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और घायलों को बांगरमऊ सीएचसी से हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र की है। बिहार प्रांत के सिवान जिले के भलुआड़ी निवासी सुमन सिंह (45) पत्नी अर्जुन सिंह अपने पुत्र आर्यन सिंह (18) व परिवार के ही सुघर सिंह पुत्र सम्भू सिंह औक करीबी विनय पुत्र मोती सिंह के बिहार से दिल्ली जा रही थी। रास्ते में रविवार को बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर किलोमीटर संख्या 252 पर शादीपुर के निकट चालक ने गाड़ी से नियंत्रण खो दिया। जिससे उनकी कार बीच डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे के बाद यूपीडा टीम ने सभी घायलों को बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया।

# एसपी ने शहर में पैदल गश्त के दौरान आमजन व व्यापारियों से संवाद कर कराया सुरक्षा का एहसास

ललितपुर। श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर जनपद ललितपुर में सेक्टर स्कीम व जोनल स्कीम को लागू कर महत्वपूर्ण स्थानों पर मजिस्ट्रेट व पुलिस की संयुक्त टीमों की ड्यूटी लगाकर की जा रही सघन चैकिंग। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनता से श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को सकुशल , सौहार्दपूर्ण व उत्साहपूर्वक मनाने हेतु की गयी अपील। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा आगामी भगवान श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम व राष्टीय पर्व गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत मय पुलिस के साथ पानी की टंकी चौबयाना , तुवन मंदिर चौराहा, तालाबपुरा, घंटाघर मैन मार्केट, शनिचरा चौराहा, गोविन्द नगर व सर्राफा बाजार में पैदल गश्त किया गया तथा व्यापारियों/आमजन मानस में सुरक्षा का भाव जागृत कर श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को सकुशल मनाने व शान्ति व्यवस्था बनाये रखने व सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त कराया गया।




श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर जनपद ललितपुर में सेक्टर स्कीम व जोनल स्कीम को लागू कर महत्वपूर्ण स्थानों पर मजिस्ट्रेट व पुलिस की संयुक्त टीमों की ड्यूटी लगाकर सघन चैकिंग की जा रही है ।

पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के महत्वपूर्ण स्थानों पर 25 क्यूआरटी टीमों को लगाकर तथा अलग अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा लगातार पैदल गश्त करके संदिग्धों की चैकिंग की जा रही है। ए एस चेक टीम , RPF, GRP पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा उपकरण एक्सटेंशन मिरर, प्रोडर, DSDM की मदद से लोगो के सामानों, दुकानों पर सघन चेंकिग की जा रही तथा मेटल डिटेक्टर से विस्फोटक पदार्थों आदि की चैकिंग की जा रही है। जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने अपने क्षेत्र के धर्मगुरूओं के साथ वार्ता कर श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु अपील की गयी।

एसपी द्वारा बस स्टैण्ड ललितपुर पर पैदल गश्त की गयी तथा आने जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों से पूँछताछ की गयी और उनके सामान आदि चैकिंग की गयी । एसपी द्वारा पैदल गश्त के दौरान व्यापारियों/ आमजन मानस से संवाद किया गया एवं उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी की गयी तथा दुकानों पर स्वेच्छा से सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु प्रेरित किया गया कैमरे लगने से दिन व रात में होने वाले अपराध पर नजर रखी जा सकती है ।

## शार्ट न्यूज

### डीआईजी उतरे सड़कों पर, यूपी-एमपी बॉर्डर पर चलाया चेकिंग अभियान



**ललितपुर।** झांसी डीआईजी झॉसी कलानिधि नैथानी द्वारा मध्य प्रदेश के अन्तर्राज्यीय जौहरिया बॉर्डर थाना क्षेत्र रक्सा जनपद झॉसी पर बने पुलिस चेक पोस्ट का निरीक्षण कर वाहन चेकिंग अभियान की समीक्षा की गई। डीआईजी झॉसी द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों-जौहरिया, अठौंदना, गुढागांव आदि के भ्रमण के दौरान जनता के लोगों से संवाद स्थापित कर क्षेत्र की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की गई तथा आम जनमानस से पुलिस बल का सहयोग करने की भी अपील की गयी। निरीक्षण के दौरान पुलिस चेक पोस्ट पर उपस्थित पुलिस बल को चेकिंग करते समय संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों का विवरण रजिस्टर में अंकित करने के साथ ही साथ जनता/श्रद्धालुओं से शालीन व मृदुभाषी रहते हुये उत्तम आचरण करने के दिशा-निर्देश दिये।

### पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



ललितपुर। मड़ावरा पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन मे अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी मड़ावरा राजेश कुमार श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण मे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में मुखबिर की सूचना पर थाना मड़ावरा पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त संतोष सिंह पुत्र राम सिंह उम्र करीब 59 वर्ष नि0 रेन्ज आफिस के पास कस्बा व थाना मड़ावरा जिला ललितपुर सम्बन्धित केस सं0 49/16 धारा-138 बी विद्युत अधि0 को कस्बा मड़ावरा से हिरासत पुलिस में लिया गया। । अभियुक्त को नियमानुसार हिरासत पुलिस में लेकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाले टीम उ0 नि0 गौरव कुमार का0 शिवाकान्त आदि शामिल रहे।

### फर्रुखाबाद में पुलिस का संदिग्ध वाहन सघन चेकिंग अभियान हुआ शुरू

फर्रुखाबाद। अयोध्या में राम प्राण प्रतिष्ठा एवं गणतंत्र दिवस के मद्देनजर उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिला पुलिस ने रविवार तड़के ही घने कोहरे के बीच विभिन्न थाना क्षेत्रों के बॉर्डर पर शांन्ति सुरक्षा ,कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए, संदिग्ध वाहनों का सघन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के कंपिल थाना पुलिस द्वारा अटैना घाट पर बैरियर लगाकर आज तड़के घने कोहरे में सन्धिग्ध वाहनों को रोक-रोक कर चेकिंग की गई। नवाबगंज थाना पुलिस ने, शमशाबाद स्टेशन पर जोरदार चेकिंग अभियान चलाया। इसी क्रम में फर्रुखाबाद कादरी गेट थाना पुलिस ने गंगा पांचाल घाट एवं रोडवेज बस अड्डे पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में आज तड़के संदिग्ध वाहन चेकिंग अभियान में कमालगंज थाना पुलिस ने खुदागंज बॉर्डर पर बैरियर लगाकर वाहनों की चेकिंग की गई। शमशाबाद थाना पुलिस द्वारा ढाई घाट बॉर्डर पर बैरियर लगाकर वाहनों को चेक करने का विशेष अभियान चलाया गया। मोहम्मदाबाद कोतवाली पुलिस द्वारा काली नदी पुल के समीप संदिग्ध वाहनों को रोक-रोककर विशेष अभियान चलाया गया।

### शौचालय की गिरी दीवार की चपेट में आकर बच्चियों के मरने के मामले की जांच हुई शुरू

बलिया। उत्तर प्रदेश के बलिया जनपद के बैरिया थाना क्षेत्र के उदई छपरा गांव में सामुदायिक शौचालय की दीवार गिरने से दो मासूमों बच्चियों की मौत के मामले में जिलाधिकारी ने शनिवार की देर रात टीम गठित कर जांच के आदेश दिए हैं । जिलाधिकारी बलिया रविन्द्र कुमार ने रविवार को बताया कि जनपद के बोरियां थाना क्षेत्र के उदई छपरा गांव में शनिवार की शाम एक निशप्रयोज्य घोषित हो चुके सामुदायिक शौचालय की दीवार गिरने से दो बच्चियों की मौत हो गई थी । उन्होंने बताया कि सामुदायिक शौचालय का निर्माण 12 वर्ष पूर्व करवाया गया था जो निशप्रयोज्य भी घोषित हो चुका था । मामले में मुख्य विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी बैरिया और जिला पंचायत राज्य अधिकारी की एक समिति बनाई गई है जो विस्तृत जांच करके अपनी आख्या प्रस्तुत करेगी । उल्लेखनीय है कि शनिवार की शाम बैरिया थाना ? क्षेत्र की उदई छपरा निवासिनी दो सगी बहनों अंशु (13) व तनु (11) सामुदायिक शौचालय के समीप खेल रही थीं तभी दीवार गिरने से दोनों की मौत हो गई थी । मामले में परिवारजनों ने पुलिस को पोस्टमार्टम की अनुमति नहीं दी थी । शौचालय का निर्माण 12 वर्ष पूर्व मृतक बच्चियों के दादा राजनाथ यादव ने करवाया था।

### डंपर ने बाइक सवार को 200 मीटर घसीटा, मौत

झांसी। झांसी में सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। वह बाइक से प्लंबर का काम करने जा रहा जा रहा था। रास्ते में डंपर ने टक्कर मारी और बाइक को करीब 200 मीटर तक घसीटते हुए ले गया। इससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर डंपर को लेकर भाग निकला। तब राहगिरों ने बाइक से करीब एक किलोमीटर दूर तक पीछा कर डंपर को पकड़ लिया। मोंठ पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मृतक का नाम मुलायम केवट (28) पुत्र गणेश केवट था। वह बबीना थाना क्षेत्र के खांडी गांव का रहने वाला था। मृतक के बड़े भाई सुखनंदन ने बताया कि मुलायम प्लंबर का काम करता था। फिलहाल वह जालौन के कोंच में एक मकान में नल फिंटिंग का काम कर रहा था। मकर संक्रांति त्यौहार को लेकर वह 10 दिन पहले घर आया था। शनिवार को वह बाइक से कोंच जा रहा था। शाम को वह मोंठ थाना क्षेत्र के कानपुर हाइवे पर अटरियन गांव के पास पहुंचा तो पीछे से तेज गति में आ रहे एक डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद वह बाइक और मुलायम को करीब 200 मीटर तक घसीटते हुए ले गया। इससे मुलायम की मौके पर मौत हो गई।

### दुकान में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

सरायमीर। सरायमीर पुलिस ने 24 घंटे में 5 लाख 95 हजार रुपए की चोरी का पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने दो शातिर चोरों को 4 लाख 50 हजार रुपए के साथ के गिरफ्तार किया है। दोनों ने शातिर तरीके से कपड़े की दुकान से चोरी की थी। पुलिस ने दोनों को स्थानीय मदरसा बैतुलउलूम के पास से गिरफ्तार किया। फिलहाल पुलिस संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया है। सरायमीर थाना प्रभारी निरीक्षक यादवेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि यूसुफ निवासी मोहल्ला सिराज की पूरा कस्बा थाना सरायमीर ने बताया कि उनकी सरायमीर में कपड़े की दुकान है। 20 जनवरी की दोपहर साढ़े बाराह बजे दूकान खोलने पहुंचा तो दुकान का और काउंटर का टाला टूटा हुआ था और दुकान के काउंटर में बैंक में जमा करने के लिए रखे गए 5 लाख 90 हजार रुपए गायब थे। इसपर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। इंस्पेक्टर सरायमीर के अनुसार हमराहियों के साथ 21 जनवरी की भोर में रात्रि भ्रमण कर रहे थे। उसी दौरान मदरसा बैतुलउलूम के पास मदरसा की ओर से तिराहे की तरफ दो व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए। पुलिस को देखकर दोनों व्यक्ति पीछे मुड़कर भागना चाहे कि पुलिस ने घेराबंदी कर दोनो व्यक्तियों को पकड़ लिया।

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने बर्फीले पानी में डुबकियां लगाई

### -30 डिग्री तापमान में भी बने स्नान स्थल



मास्को । रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने बर्फीले पानी में डुबकी लगाई। दरअसल, वो एपिफेनी त्योहार मना रहे थे। मास्को टाइम्स ने क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव के हवाले से इसकी पुष्टि की। इसके तहत सुबह-सुबह जल्दी उठकर बर्फीले पानी में 3 बार डुबकी लगानी होती है। इसके लिए पूरे रूस में जगह-जगह स्नान स्थल बनाए गए हैं। साइबेरिया में -30 डिग्री सेल्सियस के तापमान के बीच भी यह त्योहार मनाया गया। हालांकि, क्रेमलिन ने इस साल पुतिन के डुबकी लगाने का कोई फोटो-वीडियो जारी नहीं किया है। पुतिन सालों से इस त्योहार को मनाते आए हैं, लेकिन हर बार इससे जुड़ी तस्वीरें साझा नहीं की जाती हैं। हालांकि, इस खबर के बाद एपिफेनी त्योहार में पुतिन की डुबकी लगाने के पुराने वीडियो वायरल हो रहे हैं।

## उत्तर कोरिया ने रूस से नजदीकियां बढ़ाई

प्योंगयांग। अमेरिका से बढ़ते तनाव के बीच उत्तर कोरिया ने रुस से नजदीकियां बढ़ाने की बात कही है। रविवार को उत्तर कोरिया ने कहा कि रुस के साथ वह रणनीतिक और सामरिक सहयोग मजबूत करने के लिए कदम आगे बढ़ा रहा है। वह एक 'नयी बहु-ध्रुवीय अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था' स्थापित करने के लिए रूस के साथ संबंध स्थापित करने पर सहमत हो गया है। जानकारी अनुसार उत्तर कोरिया की विदेश मंत्री चोइ सोन हुई ने पिछले सप्ताह मॉस्को में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और विदेश मंत्री सर्गेइ लावरोव से मुलाकात की थी। इनके साथ ही बैठकों का हवाला देते हुए उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय ने कहा कि पुतिन ने प्योंगयांग की यात्रा करने की इच्छा जाहिर की और कहा है कि वह जल्द ही उत्तर कोरिया आ सकते हैं। उत्तर कोरिया, रूस के साथ बेहतर संबंध के साथ और मजबूत करने पर काम कर रहा है। यह बात नेता किम जोंग उन की पुतिन के साथ एक शिखर वार्ता में सितंबर में रूस की यात्रा से भी स्पष्ट हुई है। उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय ने रविवार को अपने एक अन्य बयान में देश के हालिया बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण को लेकर आपात बैठक बुलाए जाने के मामले में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की निंदा की है।

## इंटरनेट के कारण बाधित हुआ इमरान खान की पार्टी का कार्यक्रम

करांची । इंटरनेट के कारण पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी का डिजीटल कार्यक्रम बाधित हो गया। जानकारी के अनुसार पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सोशल मीडिया मंचों पर शनिवार रात आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान इंटरनेट सेवा बुरी तरह बाधित हो गई। इससे पहले पार्टी ने घोषणा की थी कि उसका डिजिटल कार्यक्रम रात आठ बजे शुरू होगा लेकिन ठीक उसी समय इंटरनेट सेवा बाधित हो गई और इंटरनेट उपयोगकर्ताओं को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। इमरन की पार्टी पीटीआई ने पुष्टि की है कि उसे समस्या का सामना करना पड़ा और उसने इसके लिए सरकार को जिम्मेदार भी ठहराया है। मीडिया में आ रही जानकारी के अनुसार उस समय पूरे देश में सोशल मीडिया मंचों पर सेवा बाधित हुई। इससे पहले भी पार्टी को सात जनवरी को अपने डिजिटल कार्यक्रम के दौरान इसी तरह के व्यवधान का सामना करना पड़ा था।

## शिखर सम्मेलन में गाजा पर इजराइल के हमले को बताया गैरकानूनी

कंपाला। गुटनिरपेक्ष आंदोलन शिखर सम्मेलन में शामिल हुए ज्यादातर राष्ट्राध्यक्षों ने गाजा पट्टी में इजराइल के सैन्य अभियान को को गैरकानूनी बताया है। सम्मेलन में शनिवार को इसे अवैध करार देते हुए फलस्तीन के नागरिकों और बुनियादी ढांचों पर हमलों की कड़ी निंदा कीय गई। मिली जानकारी के अनुसार गुटनिरपेक्ष आंदोलन शिखर सम्मेलन की समाप्ति पर एक बयान जारी कर गाजा पट्टी तक मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए युद्धविराम की मांग भी की गई है। वहीं 1967 से पहले की सीमाओं के आधार पर द्वि-राष्ट्र समाधान का आह्वान किया गया। बताया जा रहा है कि तब इजराइल और पड़ोसी अरब देशों के बीच हुए युद्ध के बाद इजराइल ने गाजा, वेस्ट बैंक और पूर्वी यरुशलम पर कब्जा कर लिया था। इस समूह ने फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र में शामिल करने की भी मांग की। बता दें कि युगांडा की राजधानी कंपाला में सप्ताह भर चले गुटनिरपेक्ष आंदोलन (एनएएम) शिखर सम्मेलन में 120 देशों के 30 राष्ट्राध्यक्षों सहित नब्बे प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसका समापन शुक्रवार और शनिवार को राष्ट्राध्यक्षों के शिखर सम्मेलन के साथ ही हो गया है।

## निक्की हेली को उपराष्ट्रपति चुनने से ट्रंप ने किया इनकार

वाशिंगटन । डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय-अमेरिकी निक्की हेली को उपराष्ट्रपति पद की प्रत्याशी के तौर पर चुनने से इनकार कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार ट्रंप ने अपनी रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल भारतीय-अमेरिकी निक्की हेली को उपराष्ट्रपति पद की प्रत्याशी के तौर पर चुनने के विचार को खारिज करते हुए कहा है कि उनमें इस पद के अनुरूप क्षमता नहीं है। हालांकि हेली ने कुछ ही घंटे पहले कहा था कि वह रिपब्लिकन प्राइमरी में दूसरे स्थान के लिए प्रयासरत नहीं हैं। ट्रंप ने शुक्रवार को कॉनकॉर्ड में एक रैली में कहा कि हेली ठीक हैं, लेकिन वह राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार नहीं हैं। और जब मैं ऐसा कहता हूं, तो शायद इसका यह मतलब है कि उन्हें उपराष्ट्रपति के रूप में नहीं चुना जाएगा। गौरतलब है कि ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी हासिल करने के प्रमुख दावेदार हैं। इसके साथ ही ट्रंप ने पूर्व राजदूत के बारे में कहा कि जब आप कुछ बातें कहते हैं, तो यह उन्हें खेल से बाहर ले जाता है। मैं यह नहीं कह सकता कि वह उपराष्ट्रपति बनने की योग्य नहीं हैं और फिर कहूं कि देवियो और सज्जनो, मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि मैंने चुना है। गौरतलब है कि हेली, न्यू हैम्पशायर में चुनावों में ट्रंप की निकटतम प्रतिद्वंद्वी हैं। हेली ने बार-बार कहा है कि वह रिपब्लिकन प्राइमरी में दूसरे स्थान के लिए प्रयासरत नहीं हैं, हालांकि उन्होंने इस विषय पर कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया था। इससे पहले शुक्रवार को हेली ने मतदाताओं के एक समूह से कहा था कि उनका उपराष्ट्रपति बनने का फिलहाल कोई विचार नहीं है।

## ईरान के बाद अब अफगानिस्तान से हुई पाकिस्तानी सेना की झड़प,तीन की हुई मौत

काबुल। पाकिस्तान की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। आए दिन कोई न कोई देश आंखे दिखा रहा है। ईरान की एयर स्ट्राइक के बाद अब अफगानिस्तानी सेना की झड़प पाकिस्तान से हुई है। जिसमें तीन की मौत हो गई। सूत्रों के हवाले से बताया कि पिछले साल छिटपुट झड़पों के बाद अफगानिस्तान के कुनार प्रांत में सीमा पर तालिबान और पाकिस्तानी सैन्यकर्मियों के बीच झड़प की एक नई घटना सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तानी बलों द्वारा सीमा का उल्लंघन करने के बाद झड़पें शुरू हो गईं, जिसके बाद पाकिस्तानी सेना ने कुनार प्रांत में तालिबान के ठिकानों पर गोलाबारी की। इन झड़पों में कथित रूप से कम से कम 3 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। इससे पहले पाकिस्तान ने गुरुवार को ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में 'आतंकी ठिकानों' पर ड्रोन और मिसाइल से सैन्य हमले किए थे, जिसमें 9 लोग मारे गए। ये हमले ईरान द्वारा पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सुन्नी बलूच आतंकवादी समूह 'जैश अल-अदल' के ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले शुरू करने के दो दिन बाद हुए।



कनाडा में प्राकृतिक रुप से बना रिडियु केनल स्केटवे आईस स्केटिंग। इसे स्केटिंग के लिए दोबारा खोल दिया गया है।

## पाक के जवाबी हमले के बाद ईरान ने प्रक्षेपित किया नया उपग्रह

तेहरान । पाकिस्तान के जवाबी हमले के बाद ईरान ने एक नया उपग्रह प्रक्षेपित किया है। बताया जा रहा है कि जंग के खतरे और मध्य-पूर्व में फैले व्यापक तनाव के बीच ईरान ने सफलतापूर्वक एक उपग्रह का प्रक्षेपण करके सबको चौंका दिया है। विशेषज्ञों को आशंका है कि ईरान का ये कदम परमाणु मिसाइल बनाने के खतरे की आशंका को और अधिक बढ़ा रहा है। ईरान ने शनिवार को कहा कि उसने सफलतापूर्वक एक उपग्रह का प्रक्षेपण करके इसे अब तक कि सबसे ऊंची कक्षा में स्थापित किया है। यह उस कार्यक्रम का हिस्सा है जिसे लेकर पश्चिम देशों ने तेहरान की ओर से उन्नत बैलिस्टिक मिसाइल बनाए जाने की आशंका जतायी है। बता दें ?कि ईरान की यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है, जब गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ इजराइल के हमले जारी हैं तथा हाल में ईरान और पाकिस्तान द्वारा एक-दूसरे के देशों में हवाई हमले किए गए हैं। इन घटनाक्रम से पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ रहा है। एक मीडिया रिपोर्ट में कहा कि सोराया उपग्रह को तीन चरणों वाले रॉकेट के साथ पृथ्वी की सतह से लगभग 750 किलोमीटर ऊपर की कक्षा में स्थापित किया गया। हालांकि, उपग्रह का उपयोग किस क्षेत्र के लिए है, इस बारे में तत्काल कोई जानकारी साझा नहीं की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह प्रक्षेपण ईरान के नागरिक अंतरिक्ष कार्यक्रम के साथ-साथ ईरान के 'रिवोल्यूशनरी गाड्‌र्स' के अंतरिक्ष कार्यक्रम का हिस्सा है। हालांकि अमेरिका ने पूर्व में कहा है कि ईरान की ओर से उपग्रह का प्रक्षेपण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव का उल्लंघन है और इसने तेहरान से परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइलों से जुड़ी कोई कार्रवाई नहीं करने को कहा है।

# कनाडा में 22 जनवरी को मनेगा राम मंदिर दिवस, पूजन सामग्री की बिक्री बढ़ी



**टोरंटो (एजेंसी)।** कनाडा में भी अयोध्या के राम मंदिर की धूम है। यहां 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन कई धार्मिक आयोजन होंगे। इससे पहले यहां हवन पूजन सामग्री बिक्री में भी इजाफा हुआ है। कनाडा के हर भारतीय और पाकिस्तानी स्टोर पर दीये, अगरबत्ती आदि खूब बिक रहे हैं। नमस्ते इंडिया और पंचवटी स्टोर, पटेल ब्रदर्स में तो अयोध्या के राम मंदिर की लकड़ी से बनी हुई अनुकृति भी उपलब्ध है। फिजी के हिंदुओं के देवी मंदिर वहां बहुत सारे हैं। सब खूब सजे हुए हैं और भजन कीर्तन हो रहा है। ये हिंदू हिंदी बोल नहीं पाते इसलिए इनके यहां हनुमान चालीसा और राम चरित मानस की रोमन में रूपांतरित प्रतियों से पाठ होता है। स्वामी नारायण और विष्णु मंदिरों में तो बिजली की झालरें दीवाली के बाद से उतरी ही नहीं। अमेरिका और कनाडा के हिंदुओं ने भी बिजली की जो लाइट्स दीवाली पर लगवाई थीं, वे अभी लगी हुई हैं। हर आदमी यह जानने को बेचैन है, कि कैसा होगा अयोध्या का यह प्राण प्रतिष्ठा समारोह।

पूरी दुनिया में हिंदू 22 जनवरी को दीवाली मना रहे हैं। कनाडा में तो हर शहर के कई मंदिरों से रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण होने जा रहा है। कनाडा में टोरंटो शहर की दो म्यूनिस्पैलिटी ओकविले और ब्रम्पटन के मेयरों ने 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर दिवस मनाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा है, कि 22 जनवरी हिंदुओं के आराध्य भगवान राम की करुणा को याद किया जाए। इन दोनों मेयरों ने सभी से अपील की है कि वे लोग इस ऐतिहासिक दिन को खूब धूमधाम से मनाए। यह समारोह हमारी सांस्कृतिक विविधता का प्रतीक है। उनके अनुसार राम सद्भाव और शांति के प्रतीक हैं। इसलिए 22 जनवरी को वे अपने क्षेत्र में हो रहे उत्सवों में शरीक होंगे।

## इजरायल ने सीरिया पर दागी मिसाइलें, 5 ईरानी सलाहकारों की मौत

**दमिश्क (एजेंसी)।** सीरिया की राजधानी दमिश्क पर इजरायल ने हवाई हमला बोल दिया। हमले में कम से कम पांच ईरानी नागरिकों की मौत् हुई है। हमले में ईरान के 'रिवॉल्यूशनरी गार्ड' के लोगों के द्वारा इस्तेमाल की जा रही इमारत तबाह हो गई। सीरिया और ईरान के सरकारी मीडिया संगठनों के मुताबिक सीरिया की सेना ने कहा कि कड़ी सुरक्षा वाले पश्चिमी दमिश्क के माजेह इलाके में स्थित इमारत पूरी तरह से नष्ट हो गई। इसने कहा कि इजराइली वायुसेना ने सीरिया के इजरायली कब्जे वाले 'गोलान हाइट्स' के ऊपर से उड़ान भरते समय मिसाइलें दागीं। ईरान के 'रिवॉल्यूशनरी गार्ड' ने एक बयान जारी कर इमारत पर हुए इजरायली हमले में मारे गए लोगों की पहचान होज्जातुल्ला ओमिदवार, अली अगाजादेह, हुसैन मोहम्मदी, सईद करीमी और मोहम्मद अमीन समदी के रूप में की है. हालांकि, इन लोगों के पदों के बारे में जानकारी नहीं दी गई. इस बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने युद्ध के बाद गाजा में फिलस्तीनी संप्रभुता के किसी भी प्रकार का विरोध करने की प्रतिबद्धता जताई है। नेतन्याहू के कार्यालय द्वारा शनिवार को जारी यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के इस सुझाव को खारिज करता दिख रहा है कि रचनात्मक समाधान फिलस्तीनी राष्ट्र के मुद्दे पर दोनों नेताओं के विचारों के बीच व्यापक अंतर को पाट सकता है। इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि नेतन्याहू ने शुक्रवार को लगभग एक महीने में बाइडन के साथ अपनी पहली बातचीत में स्पष्ट किया कि युद्ध के बाद गाजा पर उनके रुख में कोई बदलाव नहीं हुआ है। बयान में कहा गया कि नेतन्याहू ने दोहराया कि हमास के खात्मे के बाद क्षेत्र पर इजराइल को सुरक्षा नियंत्रण बरकरार रखना चाहिए। इधर इजरायली सेना ने हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की है। जबकि सरकारी समाचार एजेंसी के मुताबिक कुछ घंटों बाद दक्षिणी लेबनान स्थित बंदरगाह शहर टायरे के पास एक कार पर इजरायली ड्रोन हमले में वाहन में सवार दो हिजबुल्ला सदस्यों और नजदीक में मौजूद दो लोगों की मौत हो गई।

## मुइज्जू का क्रूर चेहरा-भारतीय विमान से एयरलिफ्ट की नहीं दी इजाजत,तड़पकर बच्चे की मौत

**माले (एजेंसी)।** ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित एक 14 साल का बच्चा दर्द से तड़पता रहा लेकिन उसे चिकित्सीय सहायता नहीं मिल पाई। अंतत-बच्चे ने तड़प तड़पकर जान दे दी। बताया जा रहा है कि मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारतीय विमान को उड़ने की मंजूरी देने से इनकार कर दिया। इस लड़के को ब्रेन ट्यूमर था और उसे स्ट्रोक आया था। बच्चे की हालत गंभीर होने पर उसके परिवार वालों ने उसे घर से राजधानी माले ले जाने के लिए एयर एम्बुलेंस की अपील की थी। परिवार ने आरोप लगाया कि अधिकारी उसकी तुरंत चिकित्सा निकासी की व्यवस्था नहीं कर सके।

इस मामले को लेकर आसंधा कंपनी लिमिटेड का बयान आया है जिसमें सफाई दी गई है। इसमें कहा गया कि आपातकालीन निकासी की अपील मिलने के तुरंत बाद हमने प्रक्रिया शुरू कर दी। मगर, दुर्भाग्य रहा कि अंतिम क्षण में उड़ान में तकनीकी समस्या के कारण उसे नहीं भेजा सका। ऐसे में चीजें प्लान के मुताबिक नहीं हो सकीं। बच्चे की मौत की खबर ऐसे समय सामने आई है जब भारत और मालदीव के रिश्ते में तनातनी चल रही है। दरअसल, कुछ दिनों पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लक्षद्वीप की यात्रा की थी जिसे लेकर मालदीव के कुछ मंत्रियों ने अपमानजनक टिप्पणियां कीं। हालांकि, बाद में इस बयानों से मालदीव की सरकार ने खुद को अलग कर लिया।


मालदीव की मीडिया में लड़के के पिता का बयान छपा है। इसमें कहा गया, बेटे को स्ट्रोक आने के तुरंत बाद हमने उसे माले ले जाने के लिए आइलैंड एविएशन को फोन किया, मगर उन्होंने हमारी कॉल का जवाब नहीं दिया। उनकी ओर से गुरुवार सुबह 8:30 बजे हमारे फोन का जवाब दिया गया, जबकि ऐसे मामलों का समाधान एयर एम्बुलेंस है। लड़के के पिता ने कहा कि इमरजेंसी निकासी की अपील करने के 16 घंटे बाद उसे माले लाया गया। डॉक्टर मेरे बच्चे को नहीं बचा सके।

# श्रीलंका के राष्ट्रपति विक्रमसिंघे व फिलिस्तीनी विदेश मंत्री से जयशंकर ने की मुलाकात



**कंपाला (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने युगांडा के कंपाला में श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और फिलिस्तीनी विदेश मंत्री डॉ. रियाद अल-मलिकी से मुलाकात की। इस दौरान जयशंकर ने दोनों नेताओं से गहन चर्चा की है। उन्होंने एक पोस्ट में लिखा कि डॉ. रियाद अल-मलिकी से मिलकर अच्छा लगा। उनसे गाजा में चल रहे संघर्ष पर विस्तृत और व्यापक चर्चा हुई। इसके मानवीय एवं राजनीतिक आयामों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने दोनों देशों के बीच समाधान के लिए भारत के समर्थन को दोहराया और संपर्क में बने रहने पर सहमति व्यक्त की। वहीं श्रीलंकाई राष्ट्रपति रानिल विक्रम सिंहे से द्विपक्षीय पहल की प्रगति पर चर्चा की। गौरतलब है कि जयशंकर शुक्रवार से शुरू हुए गुटनिरपेक्ष आंदोलन (एनएएम) के दो-दिवसीय शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए युगांडा की राजधानी कम्पाला में हैं। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'कम्पाला में एनएएम शिखर सम्मेलन के मौके पर श्रीलंकाई राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात करके खुशी हुई।' उन्होंने कहा, 'हमारी द्विपक्षीय पहलों की प्रगति के लिए उनके निरंतर मार्गदर्शन की (हम) सराहना करते हैं। भारत की प्रतिबद्धता हमारी 'पड़ोसी प्रथम' और 'सागर' नीति में परिलक्षित होती है।' उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत की 'पड़ोसी प्रथम' की नीति अपने निकटतम पड़ोसी देशों के साथ संबंधों के प्रबंधन के प्रति इसके दृष्टिकोण का मार्गदर्शन करती है। इसका उद्देश्य समूचे क्षेत्र में भौतिक, डिजिटल और परस्पर आवागमन को बढ़ाने के साथ-साथ व्यापार एवं वाणिज्य को बढ़ाना है। बता दें कि विदेशी मुद्रा भंडार की भारी कमी के कारण श्रीलंका 2022 में एक विनाशकारी वित्तीय संकट की चपेट में आ गया था, जो 1948 में ब्रिटेन से आजादी के बाद की सबसे खराब स्थिति थी। जब देश संकट से जूझ रहा था, तब भारत ने पड़ोसी प्रथम की नीति के अनुरूप ऋण सुविधा और मुद्रा समर्थन के माध्यम से लगभग चार अरब अमेरिकी डॉलर की बहु-आयामी सहायता प्रदान की। क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास'' अर्थात 'सागर' हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सहयोग की भारत की नीति या सिद्धांत है। इससे पहले दिन में जयशंकर ने युगांडा के अपने समकक्ष जनरल जेजे ओडोंगो से मुलाकात की। जयशंकर ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'अपने प्रिय मित्र जनरल जेजे ओडोंगो के साथ दिन की शुरुआत करके खुशी हुई। एनएएम शिखर सम्मेलन में उत्कृष्ट व्यवस्था के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने युगांडा की अध्यक्षता के प्रति भारत के तहे दिल से समर्थन का आश्वासन देते हुए कहा, 'अप्रैल 2023 की मेरी यात्रा के बाद से हमारे द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति हुई है।

# जलवायु परिवर्तन पर निगरानी रखने में कमी से एक अरब लोग भीषण गर्मी की चपेट में



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** वर्ष 2023 अब तक का सबसे गर्म वर्ष रहा है और आर्द्रता भी बढ़ रही है। गर्मी और आर्द्रता एक तरीके का बेहद खतरनाक संयोजन है, जो हमारे जीवन और आजीविका के सभी पहलुओं को खतरे में डालता है। जलवायु परिवर्तन ने गर्मी और आर्द्रता के इस संयोजन को लोगों के बर्दाश्त करने की खतरनाक सीमा के करीब धकेल दिया है। दुनिया के कुछ हिस्से मानवीय सहनशीलता की सीमा से परे स्थितियों की राह पर हैं। हमारे नये शोध में यह सामने आया है कि उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में मौसम विज्ञान केंद्रों के सिमटते दायरे के कारण ही शहरों में बढ़ती गर्मी से होने वाले नुकसान का अनुमान कम है। इसका मतलब यह है कि जलवायु परिवर्तन को लेकर लगाए जाने वाले वैश्विक आकलनों में संभवत: लोगों पर स्थानीय प्रभावों की अनदेखी की जाती है। उष्णकटिबंधीय क्षेत्र, मुख्यतौर पर एशिया और अफ्रीका में स्थित मलिन बस्तियां जलवायु परिवर्तन के इस खतरे की अग्रिम पंक्ति में हैं।

जलवायु निगरानी के अभाव के कारण ये समुदाय बढ़ती उमस भरी गर्मी से सबसे ज्यादा असुरक्षित हैं। बहुत कम विकल्प मौजूद होने की वजह से इन लाखों लोगों को उष्णकटिबंधीय क्षेत्र के सबसे गर्म हिस्सों से दूर शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। इन जगहों पर क्यों गर्मी बन रही खतरा? तेजी से शहरों में बढ़ती आबादी, जिसने योजनाबद्ध और औपचारिक विकास को हिला कर रख दिया है, इन बस्तियों के बढ़ने की सबसे बड़ी वजह है। यहां रहने वाले लोगों के पास आमतौर पर बिजली और पानी की आपूर्ति जैसी बुनियादी सुविधाओं व सेवाओं का अभाव होता है, जिसे शहरों में रहने वाले लोग अक्सर नजरअंदाज करते हैं।करीब एक अरब से अधिक लोग इन बस्तियों में रहते हैं और संयुक्त राष्ट्र (संरा) का अनुमान है कि अगले 30 वर्षों में यह संख्या बढ़कर तीन अरब हो जाएगी। केन्या या बांग्लादेश जैसे देशों में लगभग आधी शहरी आबादी इस तरह की बस्तियों में रहती है।

इस तरह की अधिकांश बस्तियां उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में स्थित हैं। यहां साल भर गर्मी और उमस रहती है लेकिन यहां रहने वाले लोगों के पास इस गर्मी से निपटने के लिए बहुत कम विकल्प मौजूद हैं।इन बस्तियों में रहने वाले अधिकांश परिवार कम आय वाले हैं। कई लोगों को आजीविका के लिए बाहर काम करना पड़ता है, जिसके कारण उन्हें गर्मी और उमस का सामना करना पड़ता है। चूंकि इन बस्तियों को आधिकारिक प्रणालियों और विनियमों से बाहर रखा जाता है, यही कारण है कि हमारे पास वह डेटा ही नहीं होता, जिसका अक्सर वहां रह रहे लोग सामने करने के लिए मजबूर होते हैं। जलवायु परिवर्तन से जुड़े आंकड़ों में क्या चीज छूट रही है? विश्व की अधिकांश आबादी मौसम विभाग केंद्र से करीब 25 किलोमीटर से अधिक की दूरी पर रहती है। इसका मतलब यह है कि मौसम केंद्र उन शहरों में तापमान और आर्द्रता के आंकड़ों का शायद ही कभी अंदाजा लगा पाते हैं, जो आमतौर पर गांव-देहात परिवेश की तुलना में अधिक गर्म होते हैं और इसे ही शहरी ताप द्वीप प्रभाव कहा जाता है।

आंकड़ों की निगरानी में ये अंतर उन उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में सबसे अधिक होता है, जहां इस तरह की अधिकांश बस्तियां हैं। बढ़ती गर्मी की चेतावनी भले मिल जाए लेकिन विकल्प सीमित ऑस्ट्रेलिया में लू के दौरान आमतौर पर हमें घर के अंदर रहने और ढेर सारा पानी पीने के लिए कहा जाता है। वहीं बस्ती में रहने वाले लोगों के लिए यह सलाह वास्तव में उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव के जोखिम को बढ़ा सकती है। बस्तियों में हवा के आने-जाने का प्रबंध सही तरीके से न होने की वजह से झुग्गियों या फिर कच्चे मकानों के अंदर गर्मी और भी खतरनाक तरीके से बढ़ सकती है। बहुत कम घरों में एयर कंडीशनर होता है और जिनके पास होता है उनके पास इतनी क्षमता नहीं कि वे इसे चला सकें। इन बस्तियों में रहने वाले लोगों के पास साफ व सुरक्षित पेयजल तक नहीं होता, जिसकी वजह से बढ़ती गर्मी के कारण इन्हें स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों का सामना करना पड़ता है। इन बस्तियों में रहने वाले लोगों के पास सरकार या दूसरे संस्थानों द्वारा जारी सलाह और चेतावनियां पहुंचने की भी संभावना नहीं होती।

2023 विश्व मौसम विज्ञान संगठन की एक रिपोर्ट में पाया गया कि दुनिया के केवल आधे देशों में ही पूर्व चेतावनी प्रणालियां हैं। लोगों को बचाने के लिए क्या किया जा सकता है? मौजूदा वक्त में जलवायु निगरानी प्रयासों ने कमजोर वर्ग के लाखों लोगों को बढ़ती गर्मी से होने वाली परेशानियों के खतरे में डाल दिया है। इसका उनके स्वास्थ्य और कल्याण पर सीधा प्रभाव पड़ता है, साथ ही समाज और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था भी बड़े पैमाने पर प्रभावित होती है। विकासशील देशों में मौसम विज्ञान संस्थानों को जलवायु निगरानी को मजबूत करने और पूर्व चेतावनी प्रणालियों में सुधार के लिए तत्काल समर्थन की आवश्यकता है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन के नए प्रमुख ने ऐसा ही करने का वादा किया है। हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि सरकारें और एजेंसियां इस अवसर का लाभ उठाएं और नये निगरानी नेटवर्क में बस्तियों को भी शामिल करें। लोग बिना उचित कारण के अपना घर नहीं छोड़ते और न ही अपना जीवन बर्बाद करते हैं। प्राथमिकता ऐसे समाधान ढूंढने की होनी चाहिए, जो उन्हें जलवायु परिवर्तन के अनुकूल ढलने में मदद करें।

# अंडर19 विश्व कप में भारतीय टीम ने शुरुआती मैच में बांग्लादेश को हराया

## –इंग्लैंड और पाकिस्तान भी जीते

**ब्लोमफोंटेन (एजेंसी)।** भारतीय अंडर19 क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश को 81 रनों से हराकर दक्षिण अफ्रीका में खेले जा रहे अंडर19 विश?व कप क्रिकेट में जीत के साथ शुरुआत की है। भारतीय टीम के अलावा इंग्लैंड और पाकिस्तान ने भी अपने-अपने मुकाबले जीते हैं।

आदर्श सिंह और कप्तान उदय सहारन की अच्छी बल्लेबाजी से भारतीय टीम ने अंडर 19 विश्व कप 2024 में हुए अपने पहले मुकाबले में बांग्लादेश को जीत के लिए 252 रनों का लक्ष्य दिया। बांग्लादेश के कप्तान महफुजूर रहमान राब्बी ने टॉस जीतकर भारतीय टीम को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। भारतीय टीम ने कप्तान उदय और आदर्श के अर्धशतकों की सहायता से 251 रन बनाए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश टीम 171 रनों पर ही आउट हो गयी।

भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और अर्शिन कुलकर्णी 7 जबकि मुशीर खान 3 रन बनाकर ही आउट हो गये। आदर्श सिंह और उदय सहारन ने टीम को संभाला और 147 रन तक ले गए। आदर्श ने 76 रन बनाए। वहीं उदय ने 64 रन बनाए। इसके बाद मोलिया और अविनाश ने स्थिति को संभाला। मोलिया ने 23 रन जबक अविनाश ने 23 रन बनाए। इसके बाद सचिन दास ने 26 रन बनाकर स्कोर 251 तक पहुंचाया। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत के नए गेंदबाज के सामने बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज टिक नहीं पाये। एक अन्य मुकाबले में इंग्लैंड ने स्कॉटलैंड को 7 विकेट से जबकि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को 181 रन से शिकस्त दी।



# कुश्ती : रवि कुमार दहिया ने ग्रैंड प्रिक्स डी फ्रांस 2024 में जीता कांस्य पदक




**नीस (एजेंसी)।** टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता रवि कुमार दहिया ने ग्रैंड प्रिक्स डी फ्रांस हेनरी डेग्लेन 2024 कुश्ती टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता है। शनिवार को फ्रांस के नीस में पुरुषों के 61 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग के कांस्य पदक मुकाबले में भारत के स्टार पहलवान रवि दहिया ने कजाकिस्तान के कैरात अमिरतायेव के खिलाफ 10-4 से जीत दर्ज की।

दहिया पहले मिनट में 2-4 से पिछड़ गए लेकिन उन्होंने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए मुकाबला जीत लिया। इससे पहले दहिया ने 16वें राउंड में तकनीकी श्रेष्ठता (13-2) के आधार पर जर्मनी के जूलियन ज़न्सिर को हराया, उसके बाद क्वार्टर फाइनल में कजाकिस्तान के जंगार काबिलबेकोव को 12-6 से हराया। हालांकि, भारतीय पहलवान को सेमीफाइनल में फ्रांस के अरमान एलॉयन के खिलाफ 6-3 से हार का सामना करना पड़ा और वह कांस्य पदक मुकाबले में पहुँच गए।

उल्लेखनीय है कि रवि कुमार दहिया ने आखिरी बार अंतरराष्ट्रीय मंच पर 2022 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा की थी। फरवरी में अभ्यास के दौरान उनके दाहिने घुटने में चोट लगने के बाद उन्हें अप्रैल 2023 में एशियाई चैंपियनशिप से बाहर कर दिया गया था। जुलाई 2023 में एशियाई खेलों के लिए राष्ट्रीय ट्रायल के दौरान रवि कुमार दहिया की चोट बढ़ गई और उन्हें शेष वर्ष अभियान से बाहर होना पड़ा। वह बेलग्रेड में हुई पेरिस ओलंपिक के क्वालीफाइंग विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाये थे। आगामी अभियानों में रवि कुमार दहिया के 61 किग्रा से 57 किग्रा भार वर्ग में आने की उम्मीद है। वह अप्रैल में किर्गिस्तान में एशियाई ओलंपिक गेम्स क्वालीफायर और मई में तुर्की में विश्व ओलंपिक क्वालीफायर में प्रतिस्पर्धा कर सकते है।

# इंग्लैंड की 'बैजबॉल' का सामना करने के लिए हमारे पास 'विराटबॉल' है : सुनील गावस्कर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महान खिलाड़ी सुनील गावस्कर ने कहा कि 25 जनवरी से हैदराबाद में शुरू होने वाली पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला में इंग्लैंड की 'बैजबॉल' का सामना करने के लिए भारत के पास 'विराटबॉल' मौजूद है।

इंग्लैंड के बल्लेबाज अब बहुत ही आक्रामक शैली में खेलते हैं जो उनके मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम के खेलने के तरीके से जुड़ा है। गावस्कर ने कहा, 'विराट कोहली जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं, उनका मूवमेंट अच्छा है। वह जिस फॉर्म में हैं, उसे देखते हुए 'बैजबॉल' का सामना करने के लिए हमारे पास 'विराटबॉल'' मौजूद है।'

कोहली टेस्ट क्रिकेट में 9000 रन बनाने वाले खिलाड़ियों के क्लब में जुड़ने से महज 152 रन दूर हैं। वह इस आगामी श्रृंखला में भारत की मुख्य कड़ी होंगे। उनके नाम 113 मैच में 29 अर्धशतक और 30 शतक हैं। गावस्कर ने कहा, 'हां, पारी को बढ़ाने का मतलब अर्धशतक से ज्यादा शतक होना है। कोहली के पास शतक और अर्धशतक समान ही हैं, इसका मतलब है कि उनकी अर्धशतक को शतक में तब्दील करने की गति काफी अच्छी है।'

उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड ने पिछले एक दो साल में टेस्ट क्रिकेट में नया रवैया (बैजबॉल) अपनाया है। यह काफी आक्रामक रवैया है जिसमें बल्लेबाज हमेशाा तेजी से रन जुटाने की कोशिश करता है। परिस्थितियां भले ही कैसी भी हों, वे हमेशा आक्रामक क्रिकेट खेलना पसंद करते हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय स्पिनरों के खिलाफ यह रवैया कारगर होता है या नहीं।'

# एसए20 में सनराइजर्स ने डरबन को हराया, क्लासेन ने लगाया सबसे बड़ा छक्का

**डरबन (एजेंसी)।** डरबन सुपर के बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने एसए20 में खेलते हुए इस लीग में अब तक का सबसे बड़ा छक्का लगाया है। क्लासेन के शॉट से गेंद स्टेडियम से बाहर चली गयी। हेनरिक ने इससे पहले सनाराइजर्स के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी की थी। हेनरिक ने 17 गेंदों पर ही 3 छक्कों की सहायता से 31 रन बनाए थे। इसके बाद भी उनकी टीम को इस मैच में हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में पहले बल्लेबाज करते हुए डरबन ने 159 रन बनाये जिसे सनराइजर्स ने ट्रिस्टन स्टंब्स के 66 रनों की मदद से आसानी से हासिल कर लिया।



इस मुकाबले में डरबन सुपर की शुरूआत अच्छी नहीं रही। अनुभवी बल्लेबाज क्वींटन डीकॉक 7 और स्मटस 9 रन बनाकर आउट हो गये पर सलामी बल्लेबाज ब्रीट्ज़के ने तेजी से 35 रन बनाए। इसी दौरान हेनरिक ने तीन छक्कों की सहायता से 31 रन बनाए। वहीं मध्यक्रम में वियान मुल्डर ने 29 तेजी से 52 रन बनाकर टीम को संभाला। अंत में प्रियटोरियस ने पर 23 रन बनाकर स्कोर 159 तक पहुंचा दिया। वहीं सनराइजर्स की ओर से हार्मर ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए।

इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स की शुरूआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज दाविद मान 2 और टॉम एबेल 1 रन ही बना पाये। इसके बाद जॉर्डन हरमन ने कप्तान ऐडन मारक्रम के साथ मिलकर स्कोर आगे बढ़ाया। मारक्रम ने 38 जबक हरमन ने 26 गेंदों पर 25 रन बनाए। जीत में सबसे अहम भूमिका स्टंब्स की रही जिन्होंने सबसे ज्यादा 66 रन बनाए।

# सानिया मिर्जा ने तलाक की पुष्टि की, शोएब मलिक को 'शादी' की शुभकमनाएं दीं

नई दिल्ली। सानिया मिर्जा के परिवार ने रविवार को भारतीय टेनिस स्टार और शोएब मलिक के अलग होने की पुष्टि की। मलिक ने एक दिन पहले अभिनेत्री सना जावेद से दूसरे निकाह की घोषणा की थी। दोनों देशों के खेल प्रेमियों के बीच इस 'हाई प्रोफाइल' जोड़ी को लेकर काफी दिलचस्पी रहती थी लेकिन उनके तलाक से इसका अंत हो गया। मलिक (41 वर्ष) ने शनिवार को सना के साथ अपनी शादी की तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी। सानिया के परिवार द्वारा जारी बयान के अनुसार, 'सानिया ने अपनी व्यक्तिगत जिंदगी को हमेशा लोगों की नजरों से दूर रखा है। लेकिन आज उनके लिए यह बताना जरूरी हो गया है कि कुछ महीने पहले ही उनका और शोएब का तलाक हो चुका है। वह शोएब को उनके नये सफ़र के लिए शुभकामनाएं देती हैं।' बयान के अनुसार, 'उनकी जिंदगी के इस संवेदनशील दौर में हम सभी प्रशंसकों और शुभचिंतकों से अनुरोध करना चाहेंगे कि वे किसी भी अटकलबाजी में शामिल होने से बचें और उनकी गोपनीयता की जरूरत का सम्मान करें।'



# अकरम ने विराट को इस सदी का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बताया

## –सचिन से नहीं हो सकती तुलना

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर प्रशंसा करते हुए उन्हें इस सदी का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बताया है। अख्तर ने पर कहा कि विराट की तुलना सचिन तेंदुलकर से नहीं हो सकती।

अख्तर ने कहा कि अगर विराट सचिन तेंदुलकर के दौर में होते तो उन्हें दुनिया में कई महान गेंदबाजों का सामना करना पड़ता। वहीं आज के दौर में अगर सचिन होते तो और भी ज्यादा रन बनाते। साथ ही कहा कि बल्लेबाजी में रिकी पोंटिंग, ब्रायन लारा, इंजमाम उल हक जैसे खिलाड़ी उस दौर में थे। इसलिए उस दौर के खिलाड़ियों की तुलना इस दौर से नहीं की जा सकती। तब शेन वॉर्न और वसीम अकरम जैसे घातक गेंदबाज थे। वसीम को खेलना भी आसान बात नहीं थी। इसलिए तक के दौर की तुलना आज से नहीं की जा सकती है।



उन्होंने कहा कि कोहली इस युग के सबसे महान बल्लेबाज हैं। अख्तर ने कहा कि मैं चाहता हूं कि वह 100 शतक बनाएं। कोहली ने सभी प्रारूपों में अभी 80 शतक बनाए हैं और वह तेंदुलकर के 100 शतकों के रिकॉर्ड से 20 ही कम हैं।उन्होंने कहा कि उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता था, लेकिन उन्होंने अब तक जितने रन बनाए हैं वह उतने ही रन बना पाते।

# धोनी की तरह कठिन हालातों में संयम से काम लेते हैं रिंकू : अश्विन



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन ने कठिन हालातों में संयम रखने के लिए रिंकू सिंह की जमकर प्रशंसा की है। रिंकू ने अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। अश्विन के अनुसार पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की जगह पर टीम इंडिया को अभी तक सही विकल्प नहीं मिला है पर रिंकू को देखकर लगता है कि ये खोज पूरी हो गयी। साथ ही कहा कि धोनी एक दिग्गज खिलाड़ी है पर रिंकू में भी उन्हीं जैसा संयम नजर आता है। अश्विन रिंकू से बेहद प्रभावित हैं। उन्होंने पिच पर कठिन हालातों में रिंकू के शांत रवैये की सराहना की है। उन्होंने रिंकू को बाएं हाथ का धोनी भी बताया है। अश्विन ने हालांकि कहा कि वह अभी यह नहीं कह रहे हैं कि रिंकू भी धोनी जितने बड़े खिलाड़ी हैं पर दोनो के बीच कई समानताएं हैं। आईपीएल 2023 में शानदार प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचने वाले रिंकू को पिछले साल भारतीय टी20 टीम में शामिल किया गया था। अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में रिंकू ने अर्धशतक लगाय था। उन्होंने आखिरी ओवर में रोहित के साथ मिलकर 36 रन बनाये जिससे भारतीय टीम 212 रन तक पहुंचने में सफल रही थी। उनका कौशल देखने के बाद अश्विन ने कहा कि वह ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें मैं बाएं हाथ का धोनी कहूंगा। मैं अभी उनकी तुलना धोनी से नहीं कर सकता क्योंकि धोनी बहुत बड़े हैं पर मैं उस संयम के बारे में बात कर रहा हूं जो धोनी की तरह ही उनमें भी है।

# क्लीन स्वीप से बचा पाकिस्तान, स्पिनरों ने पांचवें टी20 में दिलाई जीत

**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने गेंद से शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में क्लीन स्वीप से बचते हुए हेगले ओवल में 42 रन से जीत दर्ज की। पाकिस्तान का स्पिन आक्रमण, जो पांच मैचों की श्रृंखला में कमजोर रहा था, ने पांचवें मैच में शानदार प्रदर्शन दिखाया जिसमें मोहम्मद नवाज और इफ्तिखार अहमद ने कमान संभाली और उसामा मीर ने आदर्श बैकअप प्रदान किया।

पाकिस्तान ने धीमी गति की सतह पर सही ढंग से खेले। जमान खान और नवाज ने पावरप्ले में रचिन रवींद्र (1) और फिन एलन (22) को आउट करके आदर्श शुरुआत प्रदान की। स्पिन जोड़ी को एक्शन में बुलाया गया और बीच के ओवरों के दौरान चीजों को चुस्त रखने में कामयाब रहे। रनों और गेंदों के बीच लगातार बढ़ते अंतर का दबाव कीवी बल्लेबाजों के दिमाग में बैठ गया। उन्होंने आक्रामक होकर खेलने की कोशिश की लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे।



हाथ में दो विकेट रहते हुए ग्लेन फिलिप्स (26) ने अपने दम पर लड़ाई जारी रखने की कोशिश की और एक चौका और फिर एक अधिकतम रन बनाकर न्यूजीलैंड को लक्ष्य तक बनाए रखा। लेकिन कप्तान शाहीन अफरीदी की गति फिलिप्स और फिर लॉकी फर्ग्यूसन से बेहतर थी जिससे उन्हें क्लीन स्वीप से बचने में मदद मिली।

नवाज ने अपने चार ओवर के स्पेल में 18 रन देकर दो विकेट लिए। इफ्तिखार ने तीन विकेट के साथ खेल समाप्त किया और अपने चार ओवरों में 24 रन दिए। उनके स्पैल ने न्यूजीलैंड को 17.2 ओवर में 92 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। इससे पहले खेल में गेंद के साथ एक क्लिनिकल स्पैल में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 134/8 के मामूली स्कोर पर रोक दिया था।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद श्रृंखला में 5-0 की हार से बचने के लिए हसीबुल्लह खान को पदार्पण का मौका देने की पाकिस्तान की कोशिश को अपेक्षित पुरस्कार नहीं मिला। टिम साउदी ने खेल के पहले ही ओवर में हसीबुल्लह को तीन गेंदों पर शून्य पर आउट कर दिया। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम 24 गेंदों में 13 रन की अपनी पारी के दौरान शानदार दिखे। लेग स्पिनर ईश सोढ़ी के हाथों अपना विकेट गंवाने से पहले उन्होंने गैप हासिल करने के लिए संघर्ष किया और सिंगल लेने के लिए हवा में शॉट्स मारे।

उन्हें दो जीवनदान मिले और मार्क चैपमैन ने दोनों मौकों पर कैच छोड़ा। लेकिन बाबर उन मौकों का फायदा उठाने में नाकाम रहे जो उन्हें मिले थे। मोहम्मद रिजवान ने इतनी ही गेंदों में 38 रन का योगदान दिया। फखर जमान के मनोरंजक 33 रन ने उन्हें चार अधिकतम स्कोर और एक चौका दर्ज करते हुए देखा। 19वें ओवर में अब्बास अफरीदी ने मैट हेनरी के ओवर में गेंद को दो बार स्टैंड में भेजकर मेन इन ग्रीन का स्कोर 134/8 कर दिया।

# श्यामली सिंह ने 'ब्रेन ट्यूमर' से जूझने के बाद मुंबई मैराथन में जीता कांस्य पदक




मुंबई – पश्चिम बंगाल की श्यामली सिंह ने सभी बाधाओं को पार करते हुए रविवार को टाटा मुंबई मैराथन में कांस्य पदक जीता जबकि कुछ साल पहले उनके 'ब्रेन ट्यूमर' का ऑपरेशन हुआ था। चार साल पहले इसी प्रतियोगिता में श्यामली ने 42 किलोमीटर की दूरी के आधे रास्ते में उल्टी की शिकायत की थी। उनके पति संतोष सिंह और उन्होंने पाया कि ऐसा लगातार हो रहा था। अलग अलग अस्पतालों कई जांच के बाद उन्हें समस्या का कारण पता चला जो 'ब्रेन ट्यूमर' था। संतोष ने 'गोल्ड लेबल रेस' के 19वें चरण के बाद मीडिया को बताया, 'उसने टीसीएस रेस में भाग लिया और रजत पदक जीता। फिर उसने मुंबई में हिस्सा लिया। 25–26 किलोमीटर के बाद वह उल्टी करने लगी। मस्तिष्क पर दबाव बढ़ जाता था लेकिन हमें नहीं पता था।' पिछले कुछ वर्षों में उन्हें काफी वित्तीय संकट का सामना करना पड़ा। इसका खुलासा करते हुए संतोष ने कहा कि लेकिन श्यामली अपने लक्ष्य पर डटी रहीं और खुद में सुधार करती रहीं। संतोष ने कहा, 'उसके ऑपरेशन के दौरान मैंने विधायक से लेकर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री तक सभी को मेल किया, लेकिन मुझे कहीं से कोई जवाब नहीं मिला।' श्यामली को फिर से अपने पैरों पर खड़ा होने में कुछ समय लगा लेकिन वह खुश है कि उसे सही डॉक्टर मिला जो अब भी उनकी सेहत पर नजर रखता है। संतोष ने कहा, 'जिस डॉक्टर ने सर्जरी की थी, उन्हें भरोसा था कि वह फिर से दौड़ना शुरू कर देगी और उसने दौड़ना भी शुरू कर दिया।'

# भारतीय टीम के साथ रहूंगी या नहीं कह नहीं सकती : कोच शॉपमैन

रांची। भारतीय महिला हॉकी टीम की कोच जेनेके शॉपमैन ने कहा है कि 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं करने के बाद उनका भविष्य क्या होगा। ये वह नहीं जानती। भारतीय टीम एफआईएच क्वालीफायर में तीसरे स्थान के लिए हुए मैच में जापान से 0–1 से हार गयी, इससे भारतीय टीम का पेरिस ओलंपिक खेलने का सपना टूट गया है क्योंकि इस टूर्नामेंट की शीर्ष तीन टीमों को ही ओलंपिक टिकट मिलना था। उनका अनुबंध पेरिस ओलंपिक तक था और भारतीय टीम की क्वालीफायर मुकाबलों में हार से तय है कि उनका अनुबंध शायद ही बढ़ाया जाये। नीदरलैंड की शॉपमैन ने कहा, ''मुझे लगता है कि हम जर्मनी से मिली हार के बाद मानसिक रूप से तैयार नहीं थे। हमने रक्षण में भी अच्छी शुरूआत नहीं की और ऐसा कभी कभी हो जाता है पर हमने संघर्ष पूर्ण खेल दिखाया, शुरू में गोल होने के बाद भी हमने पूरे मैच में हमले कर दबाव बनाया।'' उन्होंने कहा, ''हमें अपने प्रयासों को गोल में बदलने की जरूरत थी जिसमें हम विफल रहे, हम ऐसा क्यों नहीं कर सके इसका मेरे पास कोई जवाब नहीं है। अगर होता तो मैं खेल के दौरान ही उन्हें जवाब दे देती।'' वहीं भारतीय टीम में उनके भविष्य को लेकर उन्होंने कहा, ''मैं इसके बारे में नहीं जानती।''

# इंडिया ओपन फाइनल में हारे सात्विक-चिराग, कैंग-सियो बने चैंपियन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी को कैंग मिन ह्युक और सियो सेयुंग जेइ की दक्षिण कोरिया की विश्व चैंपियन जोड़ी के खिलाफ रविवार को यहां पुरुष युगल फाइनल में पहला गेम जीतने के बावजूद हार के साथ इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा।

सात्विक और चिराग की एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता जोड़ी को फाइनल में कैंग और सियो की दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी के खिलाफ एक घंटा और पांच मिनट में 21-15, 11-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा जिससे यह जोड़ी दूसरी बार इंडिया ओपन का खिताब जीतने में सफल रही। विश्व चैंपियन कैंग और सियो के खिलाफ अच्छी शुरुआत करने के बाद भारतीय जोड़ी ने लय गंवा दी और लगातार सहज गलतियां की जिसका खामियाजा मेजबान देश की जोड़ी को खिताब गंवाकर चुकाना पड़ा।

भारत और कोरिया की जोड़ी के बीच शुरुआत से ही कड़ी टक्कर देखने को मिली। सात्विक और चिराग ने पहले तीन अंक शटल को नेट के पार कराने में नाकाम रहने के कारण गंवाए। सात्विक में शुरुआत में काफी गलतियां की जिससे कैंग और सियो को कुछ आसान अंक मिले। खेल की गति काफी तेज थी इसलिए गलती की गुंजाइश भी काफी कम थी। सात्विक और चिराग ब्रेक तक 11-9 से आगे रहे। ब्रेक के बाद भारतीय जोड़ी ने स्कोर 13-9 किया और फिर बढ़त बरकरार रखते हुए इसे 18-13 किया। चिराग के स्मैश से भारतीय जोड़ी ने छह गेम प्वाइंट हासिल किए।

कोरिया की जोड़ी ने एक अंक बचाया लेकिन फिर चिराग के शॉट को वापस भेजने में नाकाम रही जिससे सात्विक-चिराग ने पहला गेम 18 मिनट में 21-15 से जीत लिया। दूसरे गेम में कोरिया की जोड़ी ने बेहतर शुरुआत करते हुए 5-1 की बढ़त बनाई। चिराग ने अपने तूफानी स्मैश से दो अंक जुटाकर स्कोर 4-6 किया। सात्विक और चिराग ने इस बीच कुछ शॉट बाहर और नेट पर मारे जिससे कैंग और सियो ब्रेक तक 11-5 की मजबूत बढ़त बनाने में सफल रहे।

सात्विक और चिराग गलतियों पर अंकुश नहीं लगा पा रहे थे और कोरिया की जोड़ी ने लगातार नौ अंक के साथ स्कोर 16-5 किया और फिर आसानी से गेम जीतकर मुकाबला 1-1 से बराबर कर दिया। तीसरे और निर्णायक गेम में भी सात्विक और चिराग ने लगातार सहज गलतियां की जिससे कैंग और सियो ने 6-3 की बढ़त बनाई। सात्विक और चिराग ने कई शॉट नेट पर और बाहर मारे जबकि विरोधी जोड़ी को नेट से पीछे भी नहीं धकेल पाए।



कोरियाई जोड़ी ब्रेक तक 11-6 से आगे रही। भारतीय जोड़ी ने ब्रेक के बाद वापसी करते हुए स्कोर 10-12 किया लेकिन कोरिया की जोड़ी लगातार अंक जुटाकर बढ़त बरकरार रखने में सफल रही। कोरिया की जोड़ी ने दो चैंपियनशिप प्वाइंट हासिल किए जब सात्विक ने शटल को बाहर मार दिया और फिर चिराग ने नेट पर शॉट मारकर खिताब कैंग और सियो की झोली में डाल दिया।


# ऑस्ट्रेलियन ओपन – मैग्डेलेना को हराकर पहुंची क्वार्टर फाइनल में पहुंची कोको गॉफ



मेलबर्न – अमेरिकी टेनिस स्टार कोको गॉफ रविवार को महिला एकल मुकाबले में मैग्डेलेना फ्रेच को सीधे सेटों में 6–1, 6–2 से हराकर पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। आज यहां खेले गए मुकाबले में कोको ने बेहतर तकनीक और जोश का शानदार मुजाहिरा करते हुए एक घंटे तीन मिनट में मैग्डेलेना को 6–1, 6–2 से हराया। कोको का अगला मुकाबला पहली बार ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनलिस्ट यूक्रेन की मारटर कोस्तयुक से होगा। कोस्त्युक ने रविवार को किआ एरेना में क्वालीफायर मारिया टिमोफीवा को 6–2, 6–1 से हराकर अंतिम आठ में पहुंची है। इसके साथ ही कोको ने सत्र में अपनी जीत के क्रम को जारी रखा है। अमेरिकी खिलाड़ी ने वर्ष के पहले सप्ताह में अपने ऑकलैंड खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया और अब 2024 में अब तक 9–0 शुरुआत को बरकरार रखा है।



# पैन इंडिया होगी धनुष की अगली फिल्म, साथ में नजर आएंगे नागार्जुन व रश्मिका मंदाना





राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक शेखर कम्मुला की अगली फिल्म गुरुवार को एक पूजा समारोह के साथ हैदराबाद में लॉन्च की गई। अभी तक नामांकित मल्टी-स्टारर फिल्म में नागार्जुन और रश्मिका मंदाना स्क्रीन साझा करते नजर आएंगे। हालांकि निर्माता इस परियोजना के बारे में चुप्पी साधे हुए हैं, लेकिन परियोजना की शूटिंग बुधवार को फिर से शुरू हो गई। धनुष ने अपने पहले दिन कुछ महत्वपूर्ण दृश्यों की शूटिंग की और निर्माताओं ने इस महीने के लिए एक शेड्यूल की योजना बनाई है। श्री वेंकटेश्वर सिनेमाज के तहत सुनील नारंग और पुस्कुर राम मोहन राव द्वारा निर्मित, यह फिल्म सोनाली नारंग द्वारा प्रस्तुत की गई है। पूजा समारोह में धनुष, शेखर, निर्माता और कुछ अन्य लोग शामिल हुए। निकेथ बोम्मी को इस परियोजना के लिए छायाकार के रूप में चुना गया है। निर्माताओं ने अभी बाकी कलाकारों और क्रू की घोषणा नहीं की है। यह फिल्म तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी में रिलीज होगी। ष्ठहस्, जिसे धनुष, नागार्जुन, शेखर कम्मुला के रूप में विस्तृत किया गया है, आज 18 जनवरी को एक पूजा समारोह के साथ लॉन्च किया गया, जिसमें सुनील नारंग, पुस्कुर राम मोहन राव, भरत नारंग, जान्हवी नारंग और अन्य शामिल हुए। नियमित शूटिंग कल, 17 जनवरी से शुरू हुई, जिसमें टीम ने धनुष के साथ कुछ महत्वपूर्ण दृश्यों की शूटिंग की। दो बैक-टू-बैक ब्लॉकबस्टर, 'फ़िदा' और 'लव स्टोरी' बनाने के बाद, शेखर कम्मुला अपनी अगली फिल्म लेकर आ रहे हैं। मेकर्स के मुताबिक यह फिल्म तकनीकी पहलुओं के मामले में भी दमदार होगी। शेखर की पिछली फिल्में फिदा और लव स्टोरी जबरदस्त हिट रही थीं, इसलिए इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं। धनुष की कैप्टन मिलर 12 जनवरी को संक्रांति के अवसर पर तमिल में रिलीज़ हुई थी और 25 जनवरी को तेलुगु में रिलीज़ होगी। अभिनेता अपने 50वें प्रोजेक्ट के साथ लेखन और निर्देशन में भी वापसी कर रहे हैं, जिसकी शूटिंग जारी है। ष्ठ50 में निथ्या मेनन, एसजे सूर्या, संदीप किशन, कालिदास जयराम, वरलक्ष्मी सरथकुमार और अन्य भी प्रमुख भूमिकाओं में होंगे। नागार्जुन की ना सामी रंगा 14 जनवरी को रिलीज हुई थी और इसे अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। अभिनेता ने अभी तक किसी अन्य परियोजना की घोषणा नहीं की है।

# आस्क मी सेशन में सामंथा ने किया खुलासा - चैतन्य से शादी करना सबसे बड़ी गलती!



साउथ इंडस्ट्री की हिट अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु फिल्मों के अलावा निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा में बनी रहती हैं। अभिनेत्री के साउथ में ही नहीं हिंदी सिनेमा में भी काफी फैंस हैं। सामंथा समय-समय पर सोशल मीडिया के जरिए अपने प्रशंसकों से जुड़ती देखी जाती हैं। हाल ही में, सामंथा ने सोशल मीडिया पर आस्क मी एनीथिंग सेशन की मेजबानी की। इस दौरान प्रशंसकों ने तमाम सवाल पूछे। वहीं, इनमें से एक सवाल में सामंथा की जीवन में सबसे बड़ी गलती के बारे में पूछा गया? जिस पर दिया गया अभिनेत्री का बयान सुखियों में छाया हुआ है। इस सेशन के दौरान एक यूजर ने सामंथा ने पूछा, आपने अपने जीवन में सबसे बड़ी गलती क्या कौन सी की है, जिससे अपने एक बड़ा सबक हासिल किया है? इस सवाल का जवाब देते हुए अभिनेत्री ने कहा, शायद सबसे बड़ी गलती मेरी खुद की पसंद और नापसंद, जिसको में सही से समझ नहीं पाई। मैं उस समय अपने साथी की ओर कुछ ज्यादा ही आकर्षित थी, लेकिन कुछ समय बाद मुझे उस गलती का एहसास हुआ। वह कठिन समय मेरे लिए एक सबक था। सामंथा का ये बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया और प्रसंशकों ने मान लिया कि अभिनेत्री अपने पूर्व पति और अभिनेता नागा चैतन्य के बारे में बात कर रही हैं। सामंथा रुथ प्रभु और नागा चैतन्य की मुलाकात फिल्म ये माया चेसवा की शूटिंग के दौरान हुई थी। लंबी दोस्ती और डेटिंग के बाद दोनों ने अक्तूबर 2017 में धूमधाम से शादी रचाई। हालांकि, बाद में इन दोनों स्टार्स का रिश्ता ज्यादा दिनों तक नहीं चला और अक्तूबर 2021 में उन्होंने अलग होने की घोषणा की।

## सामंथा का वर्कफंट


सामंथा रुथ प्रभु के वर्कफंट की बात करें तो, अभिनेत्री ने ईगा, डुकुडु सीथम्मा वकिटलो सिरिमले चेट्ट, अटारिंटिकी डेरेडी, कैथी और द फैमिली मैन 2 जैसी फिल्मों में काम किया है। सामंथा प्रभु हाल ही में विजय देवरकोंडा के साथ फिल्म कुशी में देखा गया था। अभिनेत्री सिटाडेल इंडिया में बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन के अपोजिट नजर आएंगी। इस सीरीज का निर्देशन द फैमिली मैन फेम मशहूर निर्देशक की जोड़ी राज एंड डीके कर रहे हैं।



# रहसान नूर के साथ कोको एंड नट में काम करेंगी प्रनूतन बहल

हिंदी सिनेमा की महान अभिनेत्री दिवंगत नूतन की पोती और अभिनेता मोहनीश बहल की बेटी प्रनूतन बहल अपने करियर के नए चरण की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। अब वे जल्द ही हॉलीवुड डेब्यू करने वाली हैं। प्रनूतन फिल्म कोको एंड नट में अमेरिकी अभिनेता और फिल्म निर्माता रहसान नूर के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी। प्रनूतन कोको एंड नट फिल्म से रहसान नूर के साथ हॉलीवुड डेब्यू करने के लिए उत्साहित हैं। यह रोमांटिक जॉनर की फिल्म बताई जा रही है। इसका निर्देशन खुद रहसान नूर ने किया है। उनकी आखिरी फिल्म 2018 की बंगाली ब्यूटी थी, जिसे समीक्षकों ने भी खूब सराहा था। कोको एंड नट की कहानी की बात करें तो यह एक महत्वाकांक्षी युवा महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसका किरदार प्रनूतन ने निभाया है, जो अपनी शादी बचाने की चुनौतियों से जूझ रही हैं। उनके जीवन में एक अप्रत्याशित मोड़ आता है, जब उन्हें अपने कॉलेज प्रेमी यानी रहसान नूर से समर्थन मिलता है। अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में निर्मित होने वाली इस फिल्म की पूरी शूटिंग जून से जुलाई तक शिकागो में होने वाली है, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत दोनों से विविध कलाकार और क्रू शामिल होंगे। अपने हॉलीवुड डेब्यू को लेकर प्रनूतन ने कहा, मैं हमेशा से एक रोमांटिक ड्रामा करना चाहती थी। कोको एंड नट एक खूबसूरत कहानी है, जिसमें मेरा किरदार नट अपने जीवन में एक परिवर्तनकारी चरण से गुजरता है। मैं बहुत आभारी हूं कि मैंने ऐसी फिल्म के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी शुरुआत की। फिल्म को लेकर रहसान नूर ने कहा, फिल्म बनाने का एक और मौका पाकर मैं वास्तव में आभारी हूं। वह भी एक ऐसे विषय पर, जो न केवल मेरे लिए व्यक्तिगत है, बल्कि एक ऐसा विषय है, जिससे मैंने दुनिया भर में बहुत से लोगों को जुड़ा हुआ पाया है। जब आप अपने जीवन साथी की तलाश कर रहे हों तो आपको वास्तव में कैसे पता चलेगा कि आपको वह मिल गया है या नहीं। अपनी मातृभूमि की फिल्मों के प्रति प्रेम के साथ मैं दूसरी पीढ़ी के कई अन्य दक्षिण एशियाई अमेरिकियों की तरह बड़ा हुआ हूं, इसलिए हम अंग्रेजी और हिंदी में कोको और नट बना रहे हैं। इस फिल्म में प्रनूतन के साथ काम करना सौभाग्य की बात है, जिस समय मैंने उन्हें नोटबुक में देखा, मैं उनकी प्रतिभा से प्रभावित हो गया और जानता था कि मुझे एक दिन उनके साथ काम करना है। कोको एंड नट में प्रनूतन बहल और अमेरिकी अभिनेता-फिल्म निर्माता रहसान नूर मुख्य भूमिका में हैं।

# इंडियन पुलिस फोर्स में अपने किरदार पर बोले सिद्धार्थ



बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा इन दिनों अपनी आने वाली वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स की रिलीज के लिए तैयार हैं। सिद्धार्थ वेब सीरीज के प्रचार में जुटे हुए हैं, जिसके लिए वे दिल्ली पहुंचे और यहां उन्होंने राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर दिल्ली पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों के साथ बातचीत की। इस दौरान सिद्धार्थ ने अपने दिल्ली के जीवन को याद किया और अपने अनुभव साझा भी साझा किए। साथ ही उन्होंने दिल्ली पुलिस की तारीफ करते हुए उनके काम को सराहा। दिल्ली में अपने बिताए दिनों को याद करते हुए सिद्धार्थ ने बताया कि मैं हमारे दिल्ली पुलिस से स्कूल और कॉलेज में मिलता था, लेकिन जब आप कॉलेज में होते हो, तब आप काफी अनजान होते हो। एक नागरिक के रूप में हम हमेशा चाहते हैं कि आपके अधिकारी और सरकार आपको बेहतर सेवा प्रदान करें। जीवन में एक निश्चित बिंदु तक पहुंचने और विभिन्न चीजों के बारे में जागरूकता हासिल करने के बाद अब मुझे लगता है कि पुलिस सेवा देश की सबसे कठिन नौकरियों में से एक है, क्योंकि आप पुलिस अधिकारी लगातार नागरिकों के साथ व्यवहार कर रहे हैं और सभी कॉलोनियों और क्षेत्रों में सभी आयु समूहों के साथ बातचीत कर रहे हैं, मुझे लगता है कि आप प्रतिभाशाली हैं। सिद्धार्थ ने आगे कहा कि मैं यह भी मानता हूं कि आप प्रतिभाशाली हैं, क्योंकि लोग सोच सकते हैं कि हर किसी को संबोधित करना हमारा काम कठिन है, लेकिन आप सभी पुलिस अधिकारी अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखते हुए जनता से धैर्यपूर्वक बात करते हैं। एक अभिनेता के रूप में मैं बेहद सम्मानित महसूस करता हूं कि मुझे बड़े पर्दे पर वर्दी पहनने का मौका मिला, जैसा कि रोहित शेट्टी कहते हैं कि हम रील हीरो हैं, आप पुलिस अधिकारी असली हीरो हैं। वहीं वेब सीरीज के रिलीज की बात करें तो सात भाग की हाई-ऑक्टेन एक्शन सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स रोहित शेट्टी के डिजिटल निर्देशन की पहली सीरीज है, जो सिद्धार्थ मल्होत्रा के ओटीटी डेब्यू का भी प्रतीक है। सीरीज में शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, विवेक ओबेरॉय, श्वेता तिवारी, निकितिन धीर, ऋतुराज सिंह और ललित परिमू महत्वपूर्ण भूमिकाओं में होंगे। इंडियन पुलिस फोर्स का प्रीमियर 19 जनवरी 2024 को भारत और दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में प्राइम वीडियो पर होने वाला है।

# मौका मिला तो करूंगी बायोपिक में काम



अनन्या पांडे इन दिनों अपनी फिल्म खो गए हम कहां की सफलता का जश्न मना रही हैं। हर तरफ उनके काम की तारीफ हो रही है। तीन दोस्तों की जिंदगी पर आधारित इस फिल्म को जो सफलता मिली है, अनन्या ने कभी उसकी कल्पना भी नहीं की थी। फिल्म में उन्होंने अहाना का किरदार निभाया है जो नौकरी छोड़कर अपना जिम का बिजनेस संभालना चाहती है। अनन्या पांडे का किरदार आज की युवा पीढ़ी की उलझनों और परेशानियों को दिखाता है। पिछले दिनों मीडिया से बात करते हुए अनन्या ने बताया कि अब वे कैसी फिल्में करना चाहती हैं।


बायोपिक में करना चाहेंगी काम

अनन्या पांडे ने अभी तक कई ऐसी फिल्में की हैं जिनमें उनका किरदार एक प्यारी सी लड़की का रहा है। अब अनन्या कुछ अलग और नया करना चाहती हैं। मीडिया से बातें करते हुए उन्होंने कहा, मैं अब किसी बायोपिक का हिस्सा बनना चाहती हूं। मैं किसी महिला खिलाड़ी या फिर किसी महान गायिका के बायोपिक में काम करना चाहूंगी। मैं ऐसी फिल्मों का हिस्सा बनना चाहती हूं जो सभी वर्ग के दर्शकों को पसंद आए। अनन्या पांडे के लिए साल 2023 काफी लकी रहा। अनन्या की दो फिल्में ड्रीम गर्ल 2 और खो गए हम कहां रिलीज हुई थीं। दोनों ही फिल्मों में उनकी एक्टिंग को दर्शकों ने काफी पसंद किया। खो गए हम कहां में के किरदार से अनन्या ने दर्शकों को पूरी तरह प्रभावित किया है। आने वाले दिलों में अनन्या पांडे कंट्रोल और द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सी शंकरन नायर में नजर आएंगी।



# मेरी क्रिसमस को मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया से खुश हैं कैटरीना

अभिनेत्री कैटरीना कैफ इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म मेरी क्रिसमस की सफलता का आनंद ले रही हैं। श्रीराम राघवन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वह विजय सेतुपति के अपोजिट नजर आई हैं। दर्शकों को फिल्म में इनकी केमिस्ट्री काफी पसंद आई है। दर्शक उनकी अदाकारी और केमिस्ट्री की जमकर तारीफ कर रहे हैं। हाल ही में कटरीना ने फिल्म को मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया पर बात की है। कैटरीना कैफ ने हाल ही में एक बातचीत के दौरान कहा, मैं लंबे समय से श्रीराम सर के साथ कुछ करना चाहती थी और हमने इस बारे में कई बार बातचीत की थी, जिस शैली को वह अपनी पिछली फिल्मों के माध्यम से खोजते हैं, उसमें एक निश्चित कच्चापन और वास्तविकता है। मगर इससे परे, एक मानवीय गुण है, जो उनकी फिल्मों के किरदारों में दिखता है, जो मेरे लिए आकर्षक था। एक कलाकार के तौर पर मेरी क्रिसमस एक ऐसा अवसर है, जो आपको हर दिन नहीं मिलता है। फिल्म को जिस तरह की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है, उससे मैं बहुत खुश हूं। मेरी क्रिसमस में कैटरीना ने मारिया का किरदार निभाया है। श्रीराम राघवन ने फिल्म में कैटरीना कैफ से उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ अभिनय कराया है। अपने बॉयफ्रेंड के दोस्त से शादी करने वाली मारिया का ये किरदार एक मां की लाचारी से उपजा है। उन्होंने अपने किरदार को लेकर कहा, श्रीराम सर आपको चम्मच से खाना नहीं खिलाते। वह आपको यह बताते हैं कि आप सीन में क्या महसूस कर रहे हैं और किरदार उन स्थितियों पर कैसी प्रतिक्रिया देगा, जिसमें वह हैं। वह आपको ईमानदारी की खोज करवाते हैं। इसलिए मेरी क्रिसमस पर काम करना एक ही समय में बेहद फायदेमंद और चुनौतीपूर्ण था। यह बहुत गहन प्रक्रिया थी, लेकिन अद्भुत थी। उन्होंने आगे कहा, मेरे किरदार और विजय सेतुपति के किरदार के बीच एक लंबा सीन था और श्रीराम सर चाहते थे कि हम इसकी प्रैक्टिस करें। पहली बार ऐसा करने के बाद, मैंने उनसे पूछा कि हम सीक्वेंस कब शूट करने जा रहे हैं और उन्होंने बस मुझे बताया कि सही समय जब होगा। हमने हर दिन उस सीन को लेकर प्रैक्टिस की, जब तक कि उन्हें ये पता नहीं चल गया कि हर कोई पूरी तरह से तालमेल बिठा रहा है और तभी उन्होंने इसे शूट किया। उन्होंने बताया कि जिस तरह उन्होंने यह शूट किया, उसकी उन्हें उम्मीद नहीं थी।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in